
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



जापान में तहलका मचाएगी फिल्म.....



पूरी हुई फिल्म देवा की शूटिंग

वर्ष : 10 | अंक : 216 | लखनऊ, 16 जुलाई, मंगलवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने माना 'हमारा' अति आत्मविश्वास महंगा पड़ा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आखिरकार अपनी चुप्पी तोड़कर यह है स्वीकार किया कि अति आत्मविश्वास ने हमारी अपेक्षाओं को चोट पहुंचाई है। जो विपक्ष पहले हार मान के बैठ गया था, वो आज फिर से उछल-कूद मचा रहा है। योगी ने यह है बातें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की उपस्थिति में कही। हार के कारण गिनाते समय योगी ने यह बात स्पष्ट नहीं किया कि इसके लिए जिम्मेदार कौन है, लेकिन उन्होंने संकेतों में बहुत कुछ कह दिया। सवाल यह है कि क्या योगी दिल्ली से निकले 400 पार के नारे से पर आपत्ति जता रहे हैं या फिर केंद्र ने जिस तरह से प्रत्याशी बदलने के उनकी स्कीम को अमली जामा नहीं पहने दिया उससे वह नाराज हैं, क्योंकि बीजेपी की हार का जो सबसे बड़ा कारण गिनाया जा रहा है उसमें यही कहा जा रहा है भाजपा अपने कर्मो से हारी है।

योगी का यह कहना था कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने प्रदेश में 2014, 2017, 2019 और 2022 में बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए विपक्ष पर लगातार दबाव बनाए रखा, 2014 और उसके बाद के चुनावों में जितना मत प्रतिशत भाजपा को मिला था, 2024 में भी उतना ही वोट पाने में पार्टी सफल रही है, लेकिन वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास ने हमारी अपेक्षाओं को चोट पहुंचाई है। उन्होंने उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में भाजपा कार्यकताओं को बैकफुट पर आने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आपने अपना काम बखूबी किया है।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में योगी ने कहा कि आज आपके सहयोग से हमें प्रदेश को माफिया मुक्त करने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 10 सीटों पर होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए सभी को अभी से सक्रिय होना होगा। मुख्यमंत्री ने सपा पर आरोप लगाते हुए कहा कहा कि कन्नौज के मेडिकल कालेज का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर था। सपा के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने उसका नाम बदल दिया। हमारी सरकार आने के बाद हमने फिर से बाबा साहब का नाम रख दिया। सपा हमेशा से दलित चिंतकों और महापुरुषों का अपमान करती रही है। इन लोगों ने अनुसूचित जाति के आरक्षण में सेंध लगाने का कार्य किया। एससी के छात्रवृत्ति रोकने का काम किया। विपक्ष ने अफवाह और भ्रम फैलाकर माहौल खराब करने का प्रयास किया है।

# काजीरंगा नेशनल पार्क में बाढ़ का कहर जारी

## अब तक हुई 10 गैंडों समेत 200 जानवरों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ अभयारण्य में मई से बाढ़ का कहर जारी है। बाढ़ के कारण 10 गैंडों सहित लगभग 200 जंगली जानवर मारे गए हैं। 1,300 वर्ग किलोमीटर में फैला केएनपीटीआर, जिसमें 2600 से अधिक एक सींग वाले गैंडे हैं, इस लुप्तप्राय प्रजाति का सबसे बड़ा निवास स्थान है। राष्ट्रीय उद्यान में 135 बाघों के अलावा कई अन्य पशु और पक्षी प्रजातियां भी हैं। सोमवार सुबह जारी बुलेटिन के अनुसार, इस मौसम में बाढ़ के कारण 198 जानवरों की मौत हो गई है, जिनमें 10 गैंडे, 179 हॉग डियर, 3 स्वैम्प डियर, 1 मैकाक, 2 ऊदबिलाव, 1 स्कॉप्स उल्लू और 2 सांभर हिरण शामिल हैं। केएनपीटीआर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग को पार करने की कोशिश करते समय वाहनों की चपेट में आने से दो हॉग डियर की मौत हो गई। बाढ़ के दौरान, स्थानीय प्राधिकारी पार्क के साथ गुजरने वाले राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा देते हैं, जैसे गति सीमा और अनुरक्षक के साथ गुजरने की अनुमति देना। केएनपीटीआर की निदेशक सोनाली घोष ने बताया, ₹औसतन भारी वाहनों सहित लगभग 3,500 वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। जानवरों पर लगातार नजर रखी जा रही है और वे पार्क और दूसरी तरफ कार्बी आंगलोंग में पार्क पार कर रहे हैं।₹ पिछले आठ वर्षों में बाढ़ के दौरान केएनपीटीआर में कुल 85 गैंडे मारे गए हैं, जिनमें से 24 की मौत अकेले 2017 में हुई थी। 2022 में बाढ़ के कारण किसी भी गैंडे की मौत दर्ज नहीं की गई। अब तक पार्क के अधिकारियों ने 143 जानवरों को बचाया है, जिनमें से 123 को पहले ही छोड़ दिया गया है। दो गैंडों सहित छह जानवरों का इलाज चल रहा है, जबकि 10 हॉग डियर सहित 14 की मौत हो चुकी है। पिछले कुछ दिनों में पार्क में बाढ़ का पानी कम हो गया है और सोमवार की सुबह पार्क के अंदर स्थित 233 वन शिविरों में से केवल 26 ही जलमग्न थे। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, मई से अब तक बाढ़ से संबंधित घटनाओं में असम में 93 लोगों की मौत हो चुकी है। रविवार तक राज्य के 35 जिलों में से 18 में 244,629 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ से विस्थापित 30,000 से ज्यादा लोग राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं।

## मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

सोना 7,077/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 75,410.39

निफटी 22,957.10

# केदारनाथ से गायब हुआ 228 किलो सोना? : शंकराचार्य के चौंकाने वाले दावे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली में एक और केदारनाथ मंदिर के शिलान्यास को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने राष्ट्रीय राजधानी में केदारनाथ मंदिर के निर्माण पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि वहां प्रतीकात्मक केदारनाथ नहीं हो सकता। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सवाल उठाते हुए कहा कि शिवपुराण में नाम और स्थान सहित 12 ज्योतिलिंगों का उल्लेख किया गया है। जब केदारनाथ का पता हिमालय में है तो वह दिल्ली में कैसे हो सकता है? उन्होंने राजनीतिक कारण गिनाते हुए कहा कि राजनीतिक लोग हमारे धार्मिक स्थलों में प्रवेश कर रहे हैं। शंकराचार्य ने केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह में सोना चढ़ाने के काम में घोटाले का भी आरोप लगाया है। दिल्ली में बनने वाले केदारनाथ मंदिर पर ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने आरोप लगाते हुए कहा कि केदारनाथ में सोने का घोटाला हुआ है, उस मुद्दे को क्यों नहीं उठाया जाता? वहां घोटाला करने के बाद अब दिल्ली में केदारनाथ का निर्माण होगा और फिर एक और घोटाला होगा। केदारनाथ से 228 किलो सोना गायब है। कोई जांच शुरू नहीं हुई। इसका जिम्मेदार कौन है? अब वे कह रहे हैं कि वे दिल्ली में केदारनाथ बनाएंगे, ऐसा नहीं हो सकता।

# पीएम मोदी से मिले झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन

## जेल से रिहाई बाद पहली मुलाकात

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया, ₹झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।₹ पांच महीने जेल में बिताने और जेल से रिहा होने तथा फिर से मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली मुलाकात थी। आपको बता दें कि झारखंड में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इस चुनावी मौसम के बीच, झारखंड के मुख्यमंत्री की दिल्ली यात्रा और पीएम मोदी के साथ उनकी मुलाकात ने कई चचाओं को जन्म दिया है।

इससे पहले 13 जुलाई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और आप सांसद संजय सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की थी। सोरेन ने राष्ट्रीय राजधानी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से भी मुलाकात की। कांग्रेस और झामुमो इंडिया गुट में सहयोगी हैं और लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़े थे। 8 जुलाई को, तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ दिनों बाद, सोरेन ने राज्य विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान फ्लोर टेस्ट जीता। हेमंत सोरेन ने अपने पक्ष में 45 विधायकों के वोट के साथ विश्वास मत जीत लिया।

अपनी गिरफ्तारी को लेकर हेमंत सोरेन लगातार केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावा रहे हैं। वह भाजपा पर आदिवासियों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि झारखंड से भाजपा का सफाया हो जाएगा। हालांकि इन सब के बीच उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की है। मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए सीएम सोरेन ने कहा कि यह 'प्रधानमंत्री के साथ शिष्टाचार मुलाकात' थी। कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तारी से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के कार्यकारी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

लगभग पांच महीने जेल में बिताने के बाद, उन्हें जमानत मिल गई और 4 जुलाई को फिर से मुख्यमंत्री बन गए। झारखंड उच्च न्यायालय ने उन्हें जमानत देते हुए कहा है कि प्रथम दृष्टया वह अपराध के लिए दोषी नहीं हैं और इस बात की कोई संभावना नहीं है कि जमानत पर रहते हुए वह कोई अपराध करेंगे। ऐसी खबर है कि झारखंड में विधानसभा चुनाव तय समय से दो महीने पहले अक्टूबर में हो सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहर्रम के जुलूस में ना फहराये फिलिस्तीन का झंडा: मौलाना शहाबुद्दीन बरेलवी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुहर्रम का महीना चल रहा है। इस दौरान जगह-जगह जुलूस निकाले जाते हैं। ये जुलूस इस्लाम-ए-पैगंबर के सबसे छोटे नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की याद में जुलूस निकाला जाता है। ऐसे में इस बार जुलूस में फिलिस्तीन देश का झंडा भी देखने को मिला है, जिसको लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने लोगों से खास अपील की है। रजवी बरेलवी ने मुहर्रम के जुलूस में फिलिस्तीनी झंडा न फहराने अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम जुलूस में किसी विदेशी झंडा का इस्तेमाल न करें। उन्होंने जुलूस में फिलिस्तीनी झंडा न लहराने की अपील की है। मुफ्ती ने कहा कि फिलिस्तीन की हिमायत में खुदा की बारगाह में गिड़गिड़ा कर दुआ करें, लेकिन जुलूस में फिलिस्तीन का झंडा न फहराएं। बरेलवी ने आगे कहा, "मगर फिलिस्तीन का झंडा लहराना, और जगह-जगह जुलूसों में फिलिस्तीन के झंडे को इस्तेमाल करना ये अख्लाकन जुर्म है और गैरकानूनी भी। खुद हमारे पीएम मोदी ने फिलिस्तीन के लिए बड़ी मदद और राहत भेजी और जो सालाना फिलिस्तीन की मदद होती थी, वो छङ करोड़ होती थी, मगर पीएम मोदी ने उस मदद राशि को बढ़ा कर के 15 करोड़ कर दिया। तो भारत सरकार भी फिलिस्तीन के साथ हमदर्दी का इजहार करती है और मुसलमानों को भी चाहिए कि फिलिस्तीन के लोगों के साथ इजहार-ए-हमदर्दी करें, मगर इजहार-ए-हमदर्दी का तरीका कोई ऐसा तरीका गैरकानूनी तरीका इस्तेमाल न करें। इसलिए विदेशी मुल्कों को झंडा लहराना भारत में मजहबी जुलूसों में गैरकानूनी है और गैर अख़्लाकी है।

# अभी जेल से बाहर नहीं आएंगे केजरीवाल

## ईडी की याचिका पर 7 अगस्त तक टली सुनवाई

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित उत्पाद शुल्क घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दी गई जमानत को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका सोमवार को 7 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दी। उच्च न्यायालय ने पहले निचली अदालत के 20 जून के आदेश पर रोक लगा दी थी जिसके द्वारा केजरीवाल को मामले में जमानत दी गई थी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा, जो याचिका पर सुनवाई करने वाली थीं, को केजरीवाल के वकील ने सूचित किया कि ईडी ने उन्हें रविवार देर रात ही अपने प्रत्युत्तर की एक प्रति दी थी और उन्हें इसका जवाब दाखिल करने के लिए कुछ समय चाहिए।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी है और वे आदेश की प्रति रिकॉर्ड में रखेंगे। वकील ने अदालत से आग्रह किया कि उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए 15 दिन का समय दिया जाए। अदालत ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 7 अगस्त को सूचीबद्ध किया है। 20 जून को केजरीवाल को यहां एक ट्रायल कोर्ट ने 1 लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी थी। ईडी ने अगले दिन उच्च न्यायालय का रुख किया और दलील दी कि ट्रायल कोर्ट का आदेश ₹विकृत₹, ₹एकतरफा₹ और ₹गलत-पक्षीय₹ था और निष्कर्ष अप्रासंगिक तथ्यों पर आधारित थे।

ईडी की याचिका का विरोध करते हुए, केजरीवाल ने अपने जवाब में कहा है कि वह जांच एजेंसी द्वारा ₹विच-हंटर₹ का शिकार थे और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई उनकी जमानत रद्द करना ₹न्याय की गंभीर हत्या₹ के समान होगा।₹ संकट में घिरे मुख्यमंत्री ने कहा है कि जमानत के विवेकाधीन आदेशों को केवल अभियोजन पक्ष की ₹धारणाओं और काल्पनिक कल्पना₹ के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता है।

# सरकार और प्रधानमंत्री मोदी कब जागेंगे?

## प्रियंका गांधी ने मणिपुर में सीआरपीएफ जवान की मौत पर कहा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, मणिपुर में उग्रवादी हमले में एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो जाने के बाद केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को कहा कि राज्य पूरी तरह से बिखर चुका है। उन्होंने सवाल किया कि केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कब अपनी नींद से जागेंगे।

प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, मणिपुर में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए हमले में एक जवान के शहीद होने का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। शोक-संतप्त परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने लिखा, पिछले साल तीन मई को शुरू हुई हिंसा आज तक जारी है। एक राज्य पूरी तरह से बिखर चुका है। आखिर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री जी नींद से कब जागेंगे? मणिपुर में जिरीबाम जिले के मोंगबुंग गांव में रविवार सुबह संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस हमले में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है और उसे एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत जवान की पहचान बिहार के अजय कुमार झा (43) के रूप में की गई है।

# मायावती की हरियाणा में भाई-भतीजे को आजमाने की तैयारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मायावती अपने सबसे बड़े 'घर' उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी हार के पश्चात बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी में बहुत कुछ बदल दिया है। लगता है डोर अब 'बैक डोर' से पार्टी की कमान संभालेंगी और उनके भाई आनंद कुमार और भतीजा आनंद आकाश फ्रंट में आकर बहन मायावती के सियासी अरमानों को पूरा करेंगे। इसकी शुरूआत हरियाणा से होती दिख रही है। इन दोनों नेताओं का हरियाणा में स्ट्राइक रेट अच्छा रहा तो बहन मायावती यूपी के लिए भी इनके 'दरवाजे' खोल सकती हैं। हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में बसपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार और नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद की भी परीक्षा होगी। लंबे अरसे के बाद मायावती के भाई आनंद कुमार राजनीति में दोबारा सक्रिय हुए हैं, तो वहीं दूसरी ओर उनके बेटे आकाश आनंद ने भी लोकसभा चुनाव के बाद फिर से वापसी की है।

सूत्रों की मानें तो बसपा अध्यक्ष मायावती ने कांशीराम के जमाने से चली आ रही इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) और बसपा की दोस्ती को आगे बढ़ाने का जिम्मा दोनों को सौंपा है। यही वजह है कि इनेलो के साथ गठबंधन की औपचारिक घोषणा भी आनंद कुमार और आकाश आनंद की मौजूदगी में की गयी। हरियाणा चुनाव में बसपा के 37 प्रत्याशियों के चयन का जिम्मा भी उन्हें ही सौंपा गया है। विधानसभा चुनाव के प्रचार की शुरूआत के बाद मायावती की इनेलो नेताओं के साथ संयुक्त रैलियों का खाका तैयार करने का जिम्मा आकाश आनंद को दिया गया है। यदि आकाश की रणनीति को सफलता मिलती है तो यूपी में उनकी नई सियासी पारी का आगाज हो सकता है।

# यात्रीगण ध्यान दें... वेटिंग टिकट को लेकर रेलवे ने बदला नियम

## पकड़े जाने पर बीच रास्ते उतार देगा टीटी, सैकड़ों का जुर्माना भी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, यदि आपने भारतीय रेलवे के वेटिंग टिकटों को लेकर बने नए नियम के बारे में चर्चा सुनी है, तो आप अकेले नहीं हैं। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप इस खबर से चर्चा में हैं, जिससे काफी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। सबसे पहले, आप जो सुन रहे हैं उसमें कुछ सच्चाई और कुछ अतिशयोक्ति है। भारतीय रेलवे टिकट खरीदने के दो मुख्य तरीके प्रदान करता है: पारंपरिक काउंटर पद्धति के माध्यम से और आईआरसीटीसी वेबसाइट या ऐप के माध्यम से ऑनलाइन।

वर्षों से, लोग रेलवे काउंटरों पर जाते हैं, एक फॉर्म भरते हैं, और टिकट खरीदते हैं। यदि टिकट वेटिंग टिकट है, तो यह यात्री पर निर्भर है कि वह इसे लेगा या नहीं। काउंटर क्लर्क पूछेगा कि क्या आप अभी भी टिकट चाहते हैं, भले ही वह प्रतीक्षा सूची में हो। ऑनलाइन, प्रक्रिया सीधी है। आप आईआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप पर उपलब्धता जांचें। यदि आप वेटिंग टिकट बुक करते हैं और वह कन्फर्म नहीं होता है, तो टिकट स्वचालित रूप से रद्द हो जाता है, और आपका पैसा वापस कर दिया जाता है।

एक आम धारणा है कि यदि आप काउंटर से वेटिंग टिकट खरीदते हैं, तब भी आप स्लीपर या एसी जैसे आरक्षित कोच में चढ़ सकते हैं, और इसे टीटीई (यात्रा टिकट परीक्षक) या साथी यात्रियों के साथ सुलझा सकते हैं। लेकिन जैसा कि व्यापक रूप से चर्चा की गई है, यह पूरी तरह सटीक नहीं है। यह नियम कि आप वेटिंग टिकट के साथ आरक्षित कोच में प्रवेश नहीं कर सकते, कोई नया नहीं है। यह कुछ समय से लागू है, लेकिन प्रवर्तन सख्त हो गया है।

यदि आप वेटिंग टिकट के साथ आरक्षित कोच में पकड़े जाते हैं, तो आप पर यात्रा की गई दूरी के किराए के साथ-साथ न्यूनतम ?440 का जुमार्ना लगाया जा सकता है। भारतीय रेलवे को आरक्षित डिब्बों में भीड़भाड़ के बारे में हजारों शिकायतें मिलीं, जहां कन्फर्म टिकट धारकों को भी सीट खोजने के लिए संघर्ष करना पड़ा। इसने अधिकारियों को मौजूदा नियमों को और अधिक सख्ती से लागू करने के लिए प्रेरित किया।

जुलाई तक भारतीय रेलवे का नियम था कि अगर किसी यात्री ने स्टेशन की खिड़की से वेटिंग टिकट खरीदा है तो वह आरक्षित कोच में भी यात्रा कर सकता है। यदि उसके पास एसी का वेटिंग टिकट है तो वह एसी में यात्रा कर सकता है और यदि उसके पास स्लीपर का वेटिंग टिकट है तो वह वेटिंग टिकट पर स्लीपर कोच में यात्रा कर सकता है।

# बकाया की वसूली के नाम पर बिजली उपभोक्ता का नहीं होना चाहिए उत्पीड़न : सीएम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ऊर्जा विभाग के मंत्री की उपस्थिति में प्रदेश में बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए भविष्य के दृष्टिगत जारी प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ-साथ सभी डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारी और इजिनियर्स मौजूद रहे। बैठक में सीएम योगी ने कई दिशा-निर्देश जारी किए।

## मीटिंग की प्रमुख बातें

पीएम मोदी के मार्गदर्शन में बीते 7 वर्षों में प्रदेश में सबको बिजली-निर्बाध बिजली का संकल्प पूरा हो रहा है। हर गांव-हर मजरे तक बिजली उपलब्ध पहुंचाई गई है। यह सुखद है कि आज बिना किसी भेदभाव अथवा वीआईपी कल्चर के आपूर्ति की जा रही है। इस बार भीषण गर्मी के बीच आम जन की सुविधा के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हुए 15 मार्च से 30 जून तक पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की गई। विभिन्न हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट के अतिरिक्त आज प्रदेश में अनपरा, हरदुआगंज, ओबरा, पारीछा और जवाहरपुर में 22 थर्मल परियोजनाएं सफलतापूर्वक चल रही हैं। घाटमपुर, पनकी, ओबरा-सी और जवाहरपुर में निमार्णाधीन इकाइयों का कार्य तेजी के साथ पूरा करा लिया जाए।

एनटीपीसी के साथ संयुक्त उपक्रम के रूप में स्थापित हो रही ओबरा डी, अनपरा ई और मेजा तापीय परियोजना-द्वितीय चरण के अलावा, टीएचडीसी के साथ निमार्णाधीन खुर्जा तापीय परियोजना का कार्य तेज किए जाने की अपेक्षा है। इन प्रयासों से प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी। रिहंद बांध, ओबरा जलाशय तथा इसके आस पास के क्षेत्र में पम्प स्टोरेज प्लांट स्थापित किये जाने की संभावना का अध्ययन कराया जाए।

बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2018-19 में एक दिन में सर्वाधिक 20062 मेगावॉट की मांग रही, जो इस सत्र में 13 जून को 30618 मेगावॉट तक पहुंच गई थी। आमजनता की आवश्यकता के दृष्टिगत इस वर्ष गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति की गई। मांग के सापेक्ष पर्याप्त बिजली आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित कराएं।

हर घर बिजली-निर्बाध बिजली के संकल्प की पूर्ति में विद्युत पारेषण तंत्र को और बेहतर किया जाना आवश्यक है। नए सब स्टेशन स्थापित



करने से पूर्व वहां की आवश्यकता का अध्ययन जरूर किया जाए। अगले पांच वर्ष की आवश्यकता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करते हुए नए सब स्टेशनों की स्थापना कराई जाए। गांव हो या नगरीय क्षेत्र ट्रांसफार्मर खराब हो तो बिना विलंब तत्काल सुधार होना चाहिए। आवश्यकतानुसार नया ट्रांसफार्मर भेजा जाए। तय समय सीमा का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने वाली एजेंसियों के कार्यों का भी अवलोकन किया जाना चाहिए। टॉल फ्री नंबर/हेल्पलाइन पर आने वाली हर कॉल अटेंड करें। हर उपभोक्ता की समस्या का यथोचित समाधान किया जाना चाहिए।

बिजली कनेक्शन चार्ज तय करने को लेकर अकसर लोगों में असंतुष्टि देखी गई है। यह आवश्यक है कि इसमें एकरूपता हो। इसके लिए नियमों में सुधार करें। अनावश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज को कम किया जाए। आम जन की सुविधा और सहूलियत को प्राथमिकता दें।

पॉवर कॉर्पोरेशन के सामने सबसे बड़ी चुनौती है सही बिल और समय पर बिल उपलब्ध कराना तथा सभी उपभोक्ताओं से बिल की राशि का संग्रह करना। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी उपभोक्ता को गलत बिजली बिल न मिले और सभी को समय से बिल मिल जाए। ओवरबिलिंग अथवा विलंब से बिल दिया जाना उपभोक्ता को परेशान तो करती ही है, व्यवस्था के प्रति निराश भी करती है और वह बिल जमा करने के प्रति उत्साहित नहीं होता। ऐसे में समय से बिल और सही बिल दिया जाना सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं से संवाद बनाएं। इसके लिए डिस्कॉम से लेकर फीडर तक सभी को ठोस प्रयास करना होगा।

नियोजित प्रयासों से लाइन लॉस में लगातार कमी आ रही है। बिजली चोरी को रोकें। मीटर रीडर के काम की मॉनीटरिंग की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि बिजली मीटर जांच/बिल बकाया के नाम पर किसी उपभोक्ता का उत्पीड़न नहीं होगा। हर उपभोक्ता के साथ हमारा व्यवहार सद्भावनापूर्ण होना चाहिए।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों में उत्साह है। अब तक 18 लाख से अधिक लोगों ने इस योजना से जुड़ने के लिए पंजीयन कराया है। उचित होगा कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। अधिकाधिक लोगों को इस योजना से परिचय कराएं। अयोध्या के साथ-साथ सभी नगर निगमों को 'सोलर सिटी' के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। झांसी, ललितपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, चित्रकूट और जालौन में प्रस्तावित सोलर पार्क के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से पूरी करें। इसी प्रकार, जैव ऊर्जा नीति के अनुरूप, सीबीजी, बायो कोल और बायो डीजल प्लांट की स्थापना की कार्यवाही को भी आगे बढ़ाया जाए।

# झमाझम बारिश या उमस आज फिर करेगी परेशान

लखनऊ। यूपी में पिछले 24 घंटे से उमस ने काफी परेशान कर रखा है। पूर्वी जिलों में हल्की बारिश की संभावनाएं सोमवार को मौसम विभाग ने व्यक्त की है। जल्द ही यूपी के कई जिलों में मौसम एक बार फ?र करवट बदल सकता है। हालांकि मानसून आने से बाद से कई जिलों के तापमान में कमी देखी जा रही है। लेकिन रिमझिम बारिश के बाद उमस भरी गर्मी ने परेशान करना शुरू कर दिया है। आज सोमवार को बारिश राहत लेकर आ सकती है।

## आगरा में कुछ इस तरह का रह सकता है मौसम

आगरा शहर में रविवार को उमस ने लोगों को खूब परेशान किया। दिनभर बादलों व सूरज के बीच लुकाछिपी चलती रही। कभी धूप निकली तो कभी बादल छाए। उमस अधिक होने से पसीना बहता रहा और दम फूल उठा। मौसम विभाग ने सोमवार को बादल छाए रहने और मंगलवार से गुरुवार तक वर्षा होने का पूवार्नुमान जताया है। रविवार को सुबह से धूप निकली। बीच-बीच में बादल उमड़ते रहे। सुबह 10:30 बजे के करीब बादल घिर आए, लेकिन कुछ देर बाद बादल छा गए। दिनभर यही स्थिति लगी रही। सुबह 8:30 बजे आर्द्रता 90 प्रतिशत और शाम 5:30 बजे आर्द्रता 75 प्रतिशत दर्ज की गई।

## तापमान में कमी ने दी राहत, उमस ने किया बेहाल

उमस बढ़े रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सामान्य से अधिकतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस कम और न्यूनतम तापमान 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम विभाग के रिकार्ड के अनुसार शनिवार सुबह 8:30 बजे से रविवार सुबह 8:30 बजे 24 घंटे में नौ एमएम वर्षा रिकार्ड की गई।

## आज का ये है अनुमान

शनिवार शाम को शहर में वर्षा हुई थी। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार सोमवार को बादल छाए रहेंगे, जिससे अधिकतम व न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी।

# मंदबुद्धि युवती की हत्या के मामले में पांच संदिग्ध युवक पुलिस की हिरासत में

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में हत्या कर तालाब में फेके गए मंदबुद्धि युवती के शव के मामले में पुलिस के हाथ हत्यारों तक लगभग पहुंच चुके हैं। उधर सोमवार को पोस्टमार्टम होने के बाद देर शाम गांव पहुंचे शव का पुलिस की मौजूदगी में अन्तिम संस्कार कर दिया गया। वहीं देर शाम तक पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिल सकी थी। घटना का खुलासा करने के लिए सर्विलांस और क्राइम टीम सहित पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं, जो बराबर हत्यारों तक पहुंचने के लिए लगी हुई हैं। इस मामले में पुलिस ने मृतका के गांव के पांच संदिग्ध युवकों को हिरासत में भी लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो हिरासत में लिए गए एक युवक पर पुलिस को पूरी तरह घटना में शामिल होने को लेकर संदेह है। वहीं ग्रामीणों ने भी उक्त युवक पर घटना में शामिल रहने को लेकर संदेह जताया है। उन्हें आशंका है कि घटना अंजाम देने में वह युवक जरूर शामिल रहा है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि उक्त युवक के साथ की गई कड़ी पूछताछ में उससे पुलिस को घटना से जुड़े कुछ सुराग मिले हैं। साथ ही पुलिस घटनास्थल के आसपास घटना वाली रात मौजूद रहे मोबाइल नंबरों की लोकेशन के आधार पर उनकी भी बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि घटना को लेकर वह काफी गंभीरता से मामले में जुटी है और हत्यारों के हाथ लगते ही घटना का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। उधर देर शाम गाँव पहुंचे मृतका के शव का पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताते चलें कि सरोजनीनगर इलाके में रहने वाली 30 वषीर्या मंदबुद्धि युवती का शव रविवार सुबह गांव के बाहर पानी भरे तालाब में औंधे मुह पड़ा मिला था। उसके शरीर का आधा हिस्सा पानी में, जबकि पैर बाहर थे। मृतका के सिर और चेहरे के अलावा सीने पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए थे। जिनसे खून का रिसाव हो रहा था। जबकि उसके कपड़े अस्त व्यस्त थे। इसके अलावा तालाब से कुछ दूर स्थित एक किसान के भूसे वाले कमरे के अंदर काफी तादाद में खून बिखरा पड़ा मिला था। वहीं पर खून से सने दो डंडे और एक ईंट भी पड़ी मिली थी। हालाकि किसान ने डंडे और ईट को बाहर फेंक दिया था। लेकिन घटना स्थल पर पहुंची पुलिस को जब इसके बारे में पता चला तो उसने किसान की निशान देही पर खून से सने दोनों डंडों और ईट को अपने कब्जे में ले लिया था। इसी से अंदाजा लगाया जा रहा है कि हत्यारों ने रात में मंदबुद्धि युवती को अकेला पाकर भूसे वाले कमरे का ताला तोड़कर उसके साथ दुराचार की घटना अंजाम दी और बाद में शव को ले जाकर तालाब में फेंक दिया। वहीं ग्रामीणों में भी घटना स्थल पर इसी बात की चर्चा थी कि युवती के साथ पहले दुराचार किया गया। जब उसने पहचान लिया तो हत्यारों ने उसकी ईंट और डंडे से सिर कूच कर हत्या कर दी। बाद में शव को घसीट कर तालाब में फेंक दिया। फिलहाल इस घटना को लेकर सरोजनीनगर पुलिस काफी तेजी से लगी है। उसके शक की सुई गांव के ही कुछ युवकों पर टिकी हुई है। पुलिस जल्द ही घटना का खुलासा कर सकती है।

# केशव प्रसाद ने सपा को बताया सांपनाथ तो कांग्रेस को नागनाथ

● विपक्ष हमारे मनोबल के आगे नहीं टिक सकता

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में 300 से ज्यादा सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर चलना है। इसके लिए जरूरी है कि मंत्री, विधायक और जनप्रतिनिधि कार्यकताओं को सम्मान दें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनी है। पहली बार उड़ीसा में जय जगन्नाथ हुआ है। सिक्किम में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है, आंध्र प्रदेश में एनडीए की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि संगठन सरकार से बड़ा था, बड़ा है और हमेशा बड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं ने वर्ष 2014 में मोदी की सरकार बनाई, 2017 में प्रदेश में भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाकर सरकार बनाई। 2019 में फिर मोदी की सरकार और 2022 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। हालांकि, वर्ष 2024 में तमाम प्रयासों के बावजूद परिणाम हमारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहे।

## सपा को बताया सांपनाथ और कांग्रेस को नागनाथ

सपा और कांग्रेस रूपी सांपनाथ और नागनाथ ने झूठ और फरेब कर थोड़े समय के लिए हमें पीछे किया है, लेकिन 2027 में फिर से 300 पार लक्ष्य के साथ प्रदेश में भाजपा सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता का भाव हनुमान जैसा है। वह थोड़े समय के लिए सपा व कांग्रेस के झूठ और के कारण अपनी शक्ति को भूला है। 2027 में वह दोबारा वह अपने सामर्थ्य से विपक्षी गठजोड़ को पराजित करेगा। 2014 और 2019 में प्रदेश में सपा-बसपा गठबंधन को पराजित कर मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने में कार्यकताओं का खास योगदान रहा। उन्होंने कहा कि बहकावे और झूठ का फर्क समझना है। भाजपा विकास के लिए काम करती है। झूठ की मशीन बन चुके विपक्ष को जवाब देने का समय आ गया है। वो हमारे मनोबल के आगे नहीं टिक सकते, 2024 में जो कमी रह गई है उसे 2027 में प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनाकर अपनी ताकत को साबित कर देंगे। उन्होंने कहा कि कार्यसमिति की बैठक में यह तय करके जाना है कि 2027 में सपा बसपा और कांग्रेस एकजुट हो जाएं तो भी हमें अपने सामर्थ्य के बल पर 300 पार के लक्ष्य को पार पाना है।

# कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण अभियान चला कर तमाम प्रकार के लगाए पौधे

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को सरोजनीनगर में कई जगह वृक्षारोपण अभियान चला कर तमाम प्रकार के पौधे लगाए गए। कांग्रेस के प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी अतुल सिंह के नेतृत्व में चलाए गए वृक्षारोपण अभियान के तहत सरोजनीनगर में अवध विहार कॉलोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय फरुर्खाबाद चिल्लावां परिसर के अलावा अवध विहार स्थित पार्क, तपोवन नगर स्थित शेख मीर शाह मजार परिसर और बाग नंबर तीन स्थित खाली पड़े स्थानों पर नीम, सागौन, अमरूद व आँवला सहित कई प्रकार के फलदार व छायादार पेड़ लगाए गए। इस दौरान अतुल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग चल रही है। जिसके कारण देश का तापमान लगातार कम - ज्यादा हो रहा है, जो मानव जीवन के साथ-साथ अन्य जीव जन्तुओं के लिए बहुत ही हानिकारक है। उन्होंने कहा कि इसलिए हर व्यक्ति को चाहिए कि वह अधिक से अधिक पेड़ लगाए। साथ ही अपने आस पड़ोस रहने वालों को भी पौधरोपण के लिए जागरूक करे। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण करने से काफी हद तक ग्लोबल वार्मिंग से बचा जा सकता है। वृक्षारोपण अभियान के इस मौके पर अतुल सिंह के अलावा कांग्रेस के शहर अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव चौधरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रामपाल यादव, प्रदेश महासचिव (अल्पसंख्यक) लुकमान सिद्दीकी, शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अजय कुमार, मो. सोहेल सिद्दीकी, पंकज यादव, इमरान अली, मो. निसाब सिद्दीकी, मोहम्मद सलीम, इसहाक अली, अहमद सलीम और शाहिद सहित करीब दो दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# डिजिटल अटेंडेंस के मुद्दे पर भाजपा एमएलसी के पत्र ने मचाया बवाल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भाजपा के विधान परिषद सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि अधिकारी सरकार को गुमराह कर रहे हैं। बीते दिनों स्कूल शिक्षा महानिदेशालय में 85 कर्मचारी गैरहाजिर मिले थे? क्या वहां पर ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था लागू की गई। वहीं उन्होंने अधिकारियों पर स्मार्ट फोन व टैबलेट खरीदने में घोटाला करने का भी आरोप लगाया है।



## शिक्षकों ने निकाला मार्च

परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों ने सोमवार को ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में सभी जिलों में प्रदर्शन किया। विद्यालय बंद होने के बाद दोपहर तीन बजे शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालयों में एकत्र हुए और वहां से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकाला। अपने-अपने संबंधित जिलों में डीएम को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

## बहिष्कार रहेगा जारी

शिक्षकों ने अर्द्धावकाश, आकस्मिक अवकाश और अर्जित अवकाश दिए जाने की मांग की। वहीं महानिदेशक, स्कूल शिक्षा से शिक्षकों ने मुलाकात की लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। अभी बहिष्कार जारी रहेगा। शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रदेश के सभी जिलों में परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों ने जोरदार प्रदर्शन कर अपनी ताकत दिखाई।

## शिक्षकों की समस्याओं को भी देखें

मोर्चा के संयोजक अनिल यादव व संतोष तिवारी ने मांग की है कि तत्काल ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था को स्थगित किया जाए। सिर्फ एसी कमरे में बैठकर अधिकारी ऐसी व्यवस्था न थोपें। वह शिक्षकों की समस्याओं को भी देखें। दूर-दराज से शिक्षक विद्यालय पहुंचते हैं, देर होने पर पूरे दिन का वेतन काटना उचित नहीं है।

ऐसे में शिक्षकों को अर्द्ध अवकाश, आकस्मिक अवकाश व अर्जित अवकाश की सुविधा दी जाए। स्कूली शिक्षा महानिदेशालय की ओर से वार्ता के लिए बुलाए जाने पर संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन का हवाला दिया और पहले व्यवस्था को स्थगित करने फिर वह वार्ता करेंगे। अगर मांगें पूरी न हुईं तो 29 जुलाई को महानिदेशालय पर प्रदेशव्यापी प्रदर्शन होगा।

## ठोस आश्वासन नहीं दे सकती : महानिदेशक

उधर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा से मुलाकात की और उन्हें 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। उन्होंने वर्ष भर में 15 अर्द्ध अवकाश और 30 अर्जित अवकाश इत्यादि की सुविधा दी जाए।

महानिदेशक ने कहा कि वह अभी उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं दे सकती। उनके मांग पत्र पर विचार किया जाएगा। ऐसे में महासंघ ने भी ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार जारी रखने की घोषणा की है। वहीं, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के राजधानी से बाहर होने के कारण उनसे महासंघ पदाधिकारियों की वार्ता नहीं हो सकी।

# आबकारी निरीक्षक ने चार लाख रुपए कीमत का अवैध शीरा किया बरामद

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी में सेक्टर - 11 की आबकारी निरीक्षक सुनीता ओझा ने सोमवार तड़के बंथरा इलाके में स्थित एक पशु आहार बनाने वाली कंपनी में टीम के साथ छापा मारकर करीब चार लाख रुपए कीमत का अवैध शीरा बरामद किया। इस मामले में आबकारी निरीक्षक ने कंपनी के मालिक गोमती नगर निवासी अभिषेक अग्रवाल, मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह और सुपरवाइजर आदित्य ठाकुर के खिलाफ बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आबकारी निरीक्षक सुनीता ओझा के मुताबिक रविवार देर रात उच्च अधिकारियों से सूचना मिली कि बंथरा में बनी - मोहनलालगंज बाईपास रोड पर खटोला गांव स्थित कनक कैटल फील्ड प्राइवेट लिमिटेड फर्म द्वारा परिसर में अवैध शीरे का भंडारण कर उससे पशु आहार बनाने का काम किया जा रहा है। यह सूचना मिलते ही आबकारी निरीक्षक सुनीता ओझा के नेतृत्व में आबकारी टीम ने कनक कैटल फीड्स प्राइवेट लिमिटेड पहुंचकर अचानक छापा मारा। जहां कंपनी के अंदर सीमेंटेड शेड से ढके हुए ईंट के बने 2 टैंकों में भारी मात्रा में शीरा बरामद हुआ। इन टैंकों से पाइप के जरिए पशु आहार बनाने वाले गोदाम में एक पाइप गई हुई मिली। टीम ने जब उसमें लगी टोटी चेक की तो शीरा टपक रहा था। इसके बाद टीम ने सुपरवाइजर आदित्य ठाकुर को हिरासत में ले लिया। साथ ही बरामद शीरे की जांच के लिए नमूने भी एकत्रित कर कब्जे में ले लिए और गोदाम के मुख्य शटर में ताला बंद कर उसे सील कर दिया। इस मामले में आबकारी निरीक्षक सुनीता ओझा ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही कंपनी के सुपरवाइजर आदित्य ठाकुर को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। वहीं बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# 'मेरी मौत की जिम्मेदार प्रेमिका...', ज्वैलर्स ने खुद को गोली से उड़ाया; सुसाइड नोट में लिखी ये बात

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सीतापुर रोड पर सैरपुर स्थित ड्रिप इन होटल के कमरा नंबर दस में प्रेमिका की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर ज्वैलर्स 34 वर्षीय मनोज कुमार सोनी ने सोमवार को खुद को गोली मार ली। पुलिस ने शव के पास से सुसाइड नोट, अवैध तमंचा, एक कारतूस व खोखा बरामद किया है। सुसाइड नोट में प्रेमिका को मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

सैरपुर थाने के इंस्पेक्टर जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मनोज लखीमपुर खीरी मैगलगंज के रहने वाले थे। पिछले छह वर्षों से सीतापुर के पिसावा इलाके में ज्वैलरी शाप चलाते थे। जांच में सामने आया कि 13 जुलाई की शाम सात बजे कार से होटल पहुंचे और होटल में कमरा लेकर उसमें चले गए। सोमवार दोपहर तक कमरे में कोई हरकत नहीं हुई तो होटल स्टाप ने पुलिस को सूचना दी।

इंस्पेक्टर ने बताया कि दरवाजा तोड़ा तो मनोज का शव औंधे मुंह बेड़ पर शव पड़ा हुआ था। मनोज ने दाहिनी कनपटी पर खुद को गोली मारी थी। पास में ही तीन पन्ने का सुसाइड बरामद हुआ है। उसमें प्रेमिका की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर आत्महत्या करने की बात लिखी थी। फारेंसिक टीम को बुलाकर घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए। साथ ही नोट को जांच के लिए लैब भेज दिया गया।

परिवारीजन को सूचना देकर बुलाया तो उन्होंने बताया कि मनोज ने रविवार रात सभी को सुसाइड नोट भेज दिया था, जिसके बाद परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे। आज सुबह पिसावा थाने पहुंचे तो देर शाम पुलिस ने सैर पुर में होने की जानकारी बताई। मृतक के भाई दिनेश ने मामले में तहरीर दी है, जिसमे भाई की मौत के लिए प्रेमिका को जिम्मेदार बताया है। चार महीने पहले छूटे थे जेल सेः पुलिस ने बताया कि पिसावा में छह वर्ष पहले मनोज का एक युवती से प्रेम संबंध हो गया। उसके चलते मनोज को उनकी पत्नी व बच्चे छोड़कर चले गए थे। जिस युवती को प्रेमिका बताया जा रहा था, उसने कुछ दिन पहले ही मनोज के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। उस मामले में चार महीने पहले ही मनोज जेल से छूट कर आए थे और तभी से अवसाद में चल रहे थे।

## मेरी मौत की जिम्मेदार प्रेमिका है

मनोज ने लिखा कि छह साल पहले दुकान पर आकर युवती नंबर ले गई। फिर अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। दो वर्ष बीतने के बाद रुपयों की मांग करने लगी। मना करने पर दुष्कर्म के केस में फंसाने की बात कही। इस पर बरगावां स्थित प्लाट सात लाख रुपये में बेच कर रुपये दिए। उसके बाद भी रकम की मांग बढ़ने लगी। वहां दुकान छोड़कर दूसरी जगह खोली, लेकिन वहां भी पहुंच गई। फिर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करवा दिया। बेल पर छूट कर आया था। फिर भी नौ लाख रुपये की मांग कर रही थी। उनकी मौत की जिम्मेदार सिर्फ उनकी प्रेमिका है।

# उत्तर प्रदेश सरकार ने आईएएस अधिकारी को किया निलंबित

● कुछ दिन पहले ही वापस लिया गया था पद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2012 बैच के आईएएस अधिकारी देवीशरण उपाध्याय को निलंबित कर दिया है। उन्हें शनिवार को ही सरकार ने सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद प्रयागराज के पद से हटाते हुए प्रतीक्षारत किया गया था। उन पर अलीगढ़ में जमीनों के पट्टे के मामले में मनमाने तरीके से बहाल करने का आरोप है। अब उन्हें निलंबित कर सरकार ने राजस्व परिषद के साथ संबद्ध कर दिया है। देवीशरण उपाध्याय चार जुलाई 2022 में प्रयागराज में सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद के पद पर तैनात किए गए थे। उन पर अलीगढ़ में 35 भूखंडों के पट्टों को मनमाने तरीके से बहाल करने का आरोप है। अलीगढ़ जिला प्रशासन ने इन पट्टों को नियम विरुद्ध दिए जाने पर खारिज करने की संस्तुति की थी। बाद में यह मामला राजस्व परिषद में चला गया था। जिला प्रशासन की स्पष्ट संस्तुति के बाद भी उन्होंने इन पट्टों को बहाल करने का आदेश पारित कर दिया था।

देवीशरण की अलीगढ़ के मंडलायुक्त ने उच्च स्तर पर शिकायत की थी। नियुक्ति विभाग ने उन्हें 13 जुलाई को ही पद से हटाते हुए प्रतीक्षारत कर दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें निलंबित कर दिया है। इस मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति बना दी गई है।

## संक्षेप

### बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

उन्नाव। मौरावां कोतवाली क्षेत्र के पुरवा मौरावां मार्ग पर सोमवार सुबह सड़क पार करते समय वृद्धा के बाइक सवार से टक्कर मारने से मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। उधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौरावां थाना क्षेत्र के मुरैता नवीन गांव की रहने वाले सुरजा देवी 80 पत्नी स्व बैजनाथ सोमवार सुबह घर से निकलकर धान की बेड लगवाने गांव के बाहर पैदल जा रही थी। सड़क पार करते समय पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बैगांव निवासी युवक ने पुरवा मौरावां मार्ग पर बाइक टक्कर मार दी। हादसे के समय युवक अपनी मां के साथ दवा लेने के लिए जा रहा था। जख्मी वृद्धा को सीएचसी पुरवा ले गए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां परिजन लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वृद्धा अपने पीछे दो बेटों में दिनेश चंद्र व श्रीनिवास को छोड़ गई है। मृतका सूरजा देवी के पति बैजनाथ की काफी समय पहले ही मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### महिला के साथ युवक ने की अश्लील हरकतें विरोध पर पति को पीटा

पुरवा, उन्नाव। सीओ सर्किल के अन्तर्गत थाना मौरावां के एक गांव निवासिनी महिला के मुताबिक बीते रविवार की दोपहर उसके पति बाहर गये थे।तभी गांव का ही शिवचंद्र पुत्र अनंतू घर में घुस आया और पुछा तुम्हारा पति कहां है ? उसने कहा कि बाहर काम पर गये हैं।तभी उसे दबोच कर अश्लील हरकतें करने लगा।और जमीन पर गिराकर निर्वस्त्र कर उसका मुंह दबाकर दुष्कर्म करने लगा।तभी घर आये पति ने उसकी हरकत देख शोर मचाया।जिस पर आरोपी ने पति के सिर पर ईंट का टुकड़ा मार दिया।पति के जमीन पर गिरते ही लाठियों से कई वार किये।और शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी देकर चला गया।घटना से भयभीत पीड़िता की शिकायत बाद पुलिसिया कार्रवाई के अभाव में आरोपी के हौसले बुलंद हैं।सी ओ ने कार्यवाही की बात कही।

### चोरी की बाइक समेत युवक गिरफ्तार

पुरवा, उन्नाव। नगर के मोहल्ला कस्टोलवा निवासी प्रतीक पांडेय की 6 जून को दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी हो गई थी पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार दोपहर पुरवा-मौरावा मार्ग पर डेला मोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान मौरावां क्षेत्र के गांव घुरईखेड़ा निवासी मोनू लोधी पुलिस को देखकर बाइक सहित भागने लगा जिसपर दारोगा सियाराम चौरसिया ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उक्त मोनू ने प्रतीक पांडेय की बाइक चोरी करना स्वीकार किया है।कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया जहा से जेल भेजा गया है।

# संस्था के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। नर सेवा - नारायण सेवा ₹ के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा जिसमे मांग की गयी की आगामी 22 जुलाई से पवित्र श्रावण मास शुरू हो रहा है सनातन धर्म में पूरे श्रावण मास भगवान शंकर जी का पूजन होता है व गंगा स्नान कर श्रद्धालु गंगा जल लेकर शिवालयों में जाते है व भगवन शंकर को चढ़ाते है क जिसके कारण मंदिरो व गंगा तटो पर भारी भीड़ रहती जिसकी सुरक्षा व स्वच्छता व्यवस्था हेतु जनपद के सभी मंदिरो व गंगा तटो को जाने वाले मार्गो को सही कराया जाये व गंगा तटो पर अस्थायी स्नान घर बनाये जाये जिससे महिला श्रद्धालुओ को वस्त्र बदलने में असुबिधा न हो व मंदिरो को जाने वाले मार्गो में खुले में मांस बेचने वाली दुकाने व अवैध बूचड़ खाने बंद कराने व मंदिरो के आसपास से नान बेज बेचने वाली दुकाने हटाई जाने सहित स्ट्रीट लाइटे सही करवाने ,प्रकाश व्यवस्था सहित चूना डलवाने व मंदिरो में महिला पुलिस कमीयो व सफाई कर्मियों की नियमित नियुक्ति करने की व्यवस्था की मांग की गयी क

विमल द्विवेदी ने बताया कि पौराणिक स्थल परियर में गंगा स्नानं ( गंगा तट ) को जाने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसके कारण मार्ग में पानी भरा रहता है व प्रतिदिन गंगा स्नान को जाने वाले हजारो श्रद्धालुओ के आवागमन में परेशानी होती है उक्त मार्ग को तत्काल सही कराने की मांग की गयी है वही नगर के नुर्दी नगर मोहल्ले में स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर जो लगभग सौ वर्ष पुराना इसको चारो तरफ से कूड़े ढेर से बंद कर दिया गया जिससे श्रद्धालुओ व स्थानीय लोगो में आक्रोश है उक्त मंदिर के आस पास पड़ने वाले कूड़े व गन्दगी को हटाये जाने व भविष्य में वहा कूड़ा व गंदगी न डाली जाये इसके सख्त निर्देश जारी करने की मांग गयी है क

उन्होंने बताया कि नगर के छोटा चौराहा से लोकनगर जा रहे मार्ग में संतोषी माता के मंदिर से पहले खुले में मांस काट कर बेचा जाता है जिसकी शिकायत इससे पूर्व कई बार की जा चुकी है जो आज तक बंद नहीं कराई गयी उक्त अवैध मांस की दुकाने बंद कराने की भी मांग की गयी है

ज्ञापन देने वालो में प्रतबंधक विनय द्विवेदी, हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी ,राकेश राजपूत ,सुरेश सिंह ,योगेंद्र तिवारी ,राघवेंद्र पांडेय ,राजेश मिश्रा ,विष्णु गुप्ता ,केतन अवस्थी ,धर्मेंद्र शुक्ल ,अनिल कुमार सोनी ,नीरज शुक्ला ,रामकृष्ण ,शिवसेवक तिवारी ,अलोक शुक्ला ,रोहित वर्मा ,राजेंद्र वर्मा ,महेश राजपूत ,ऋतुराज मिश्रा ,,सुरेश वर्मा ,शिव वर्मा ,अजय ,दिनेश ,विपुल ,सरवन ,जीतू सहित आधा सैकड़ा शिव भक्त मौजूद रहे

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 179 जोड़ो ने थामा एक दूसरे का हाथ

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत कुल 179 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें अल्पसंख्यक वर्ग के 05 जोड़े शामिल रहें। विधानसभा सदर में 12 विधानसभा भगवंत नगर में 25, विधानसभा पुरवा में 44 , विधानसभा मोहान में 30, विधान सभा सफीपुर में 23 एवं विधानसभा बांगरमऊ में 45 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। विधानसभा पुरवा में दयाशंकर सिंह परिवहन मंत्री विधायक अनिल सिंह ब्लॉक प्रमुख हिलौली, बिछिया, पुरवा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति, उपजिलाधिकारी पुरवा, ,खण्ड विकास अधिकारी पुरवा हिलौली, असोहा, विधान सभा मोहान में दया शंकर सिंह मंत्री परिवहन विभाग विधायक ब्रजेश रावत शकुन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज रोशनी रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा उपजिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद, संजय कुमार पांडेय जिला विकास अधिकारी,उन्नाव, डॉ नीलम सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी उन्नाव, मुनेश चंद्र खंड विकास अधिकारी नवाबगंज खण्ड विकास अधिकारी हसनगंज, विधानसभा सदर क्षेत्र में विधायक पंकज गुप्ता खण्ड विकास अधिकारी सिकंदरपुर सिरोसी एवं बिछिया विधानसभा बांगरमऊ में विधायक श्रीकांत कटियार, ब्लॉक प्रमुख गंजमुरादाबाद, बांगरमऊ, उपजिलाधिकारी बांगरमऊ,विधान सभा सफीपुर में विधायक बंबा लाल दिवाकर खण्ड विकास अधिकारी सफीपुर, एवं मियागंज एवं अन्य अधिकारी गण एवं विधानसभा भगवंत नगर में विधायक आशुतोष शुक्ला, उपजिलाधिकारी बीघापुर, खण्ड विकास अधिकारी बीघापुर, सुमेरपुर एवं अन्य अधिकारी गणों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को नये जीवन में प्रवेश हेतु आशीर्वाद प्रदान किया गया।

# गंगा में स्नान कर रहे युवक की पानी में डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार



शुक्लागंज, उन्नाव। पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश के बाद गंगा के जलस्तर में हर घंटे बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ऐसे में आज उन्नाव में भी जलस्तर चेतावनी बिंदु के करीब पहुंचने वाला है। जो घाट कल तक सूखे थे आज वह डूब गए हैं। ऐसे में गंगा स्नान करने वाले लोग गहराई का आकलन नहीं कर पा रहे हैं। सोमवार की सुबह गंगाघाट थाना क्षेत्र के चंपा पुरवा निवासी मेवा लाल का बेटा शिवा अपने साथियों के साथ स्नान करने मिश्रा कॉलोनी घाट के पास नए और पुराने पुल के बीच नहाने चले गए। इसी दौरान शिव गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख अन्य साथी चिल्लाने लगे घाट पर मौजूद गोताखोर कॉलोनी छलांग लगा दी। काफी देर में मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई घटना की जानकारी गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने सूचना उनके परिजनों को दी सूचना मिलने के बाद पहुंचे परिजनों ने शव देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# सफाई कर्मी की लापरवाही से जाम हुई नालियां, घरों में भर रहा गंदा पानी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। एक ओर जहां सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन चला कर सफाई अभियान चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सफाई कर्मी की लापरवाही के चलते नालियों की सफाई न होने से बरसात का गंदा पानी ग्रामीणों के घरों तक पहुंच रहा है जिससे तरह-तरह की संक्रामक बीमारियां ग्रामीणों में फैल रही है। उल्लेखनीय होकि सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव को स्वच्छ रखने का जो सपना देखा जा रहा है इस सपने पर क्षेत्र के सफाई कर्मी पलीता लगाने का काम कर रहे हैं इसका ज्वलंत उदाहरण देखना है तो नवाबगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत जैतीपुर आइये जहां बीते कई माह से सफाई कर्मी सफाई करना तो दूर गांव में देखने तक नहीं आया जिसका परिणाम यह है कि आज गांव की नालियां जाम हो गई है और बरसात का गंदा पानी नालियां जाम होने से नालियों से नहीं निकल पा रहा है, जिसके चलते यह गंदा पानी ग्रामीणों के घरों के अंदर भर रहा है जिससे ग्रामीणों में तरह-तरह की संक्रामक बीमारियां फैलना शुरू हो गई है। लेकिन फिर भी जिला प्रशासन इस ओर लापरवाह बना हुआ है। जैतीपुर गांव निवासी माधुरी तिवारी,छोटू, राधेश्याम,विनय, पंकज सहित दर्जनों लोगों के घरों में पानी भर रहा है उनका कहना है कि संदर्भ में कई बार खंड विकास कार्यालय जाकर खंड विकास अधिकारी को भी अवगत कराया लेकिन कोई भी समस्या का समाधान नहीं हुआ उनका कहना है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उसकी शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर की जाएगी।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में दिखा उत्साह

अमन लेखनी समाचार



नवाबगंज, उन्नाव। ब्लाक परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 30 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया इस अवसर पर मोहन विधानसभा अंतर्गत 30 जोड़ों को शास्त्री पंडित लक्ष्मी नारायण दीक्षित ने विधी विधान से विवाह संपन्न कराया व नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।ब्लाक परिसर में ऐसा दिख रहा था कि कोई उत्सव है व्यवस्था में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी अच्छी लोकेशन खाने पीने से लेकर वर पक्ष व वधु पक्ष को बैठने की उचित व्यवस्था वहीं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने नव विवाहित जोड़ों को मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत भेट समान जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह के हाथों भेट कराया और आशीर्वाद दिलाया। मोहान विधायक बृजेश रावत ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कर ऊंच नीच का भेद मिटाने का काम किया है सरकार आपके साथ हमेशा हर कदम पर साथ है।मंत्री दयाशंकर परिवहन विभाग विधायक बृजेश रावत जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ब्लॉक प्रमुख रोशनी रावत ब्लॉक मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा को उप जिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद संजय कुमार पांडे जिला विकास अधिकारी उन्नाव डॉक्टर नीलम सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी उन्नाव मुनेश चंद्रखंड विकास अधिकारी नवाबगंज खंड विकास अधिकारी हसनगंज व सुरक्षा व्यवस्था में एसओ अजगैन मय पुलिस टीम उपस्थित रहे।

## फुटपाथ पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा आए दिन मार्ग पर लगता जाम

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के हरदोई- उन्नाव मुख्य मार्ग पर पटरी दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर अतिक्रमण कर लिए जाने व ई बैटरी रिक्शा चालकों द्वारा मार्ग पर ही अपने वाहन खड़े करके सवारियों को बैठालने के चलते नगर में हर दिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। भीषण जाम के चलते नागरिकों के साथ ही वाहनों का निकलना दूभर हो जाता है।नगर में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था न होने तथा मुख्य मार्ग के दोनों ओर पटरी दुकानदारों व ठेला लगाने वाले दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर अतिक्रमण कर लिए जाने व ई बैटरी रिक्शा चालकों की मनमानी के चलते मुख्य मार्ग पर पूरे दिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम लगने से छोटे वाहनों के साथ ही बड़े वाहन भी घंटों जाम में फंसे रहते हैं, जिससे काफी समय बर्बाद होने के साथ ही काफी नुकसान भी होता है। नगर में लगने वाले भीषण जाम की वजह से सबसे ज्यादा दुर्घटना में घायल हुए गंभीर मरीज प्रभावित होते हैं। नगर के सरकारी अस्पताल से रेफर किए गए मरीज उन्नाव, कानपुर या लखनऊ भेजे जाते हैं। जाम की वजह से मरीज घंटों नगर में ही फंसे रहते हैं, जिससे गंभीर व दुर्घटनाग्रस्त मरीज तत्काल उपचार हेतु समय से बाहर नहीं पहुंच पाते हैं, जिसके कारण कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। यही हाल नगर की मुख्य बाजार का है, जहां दुकानदारों द्वारा मार्ग पर सामान लगा कल अतिक्रमण कर लिए जाने के चलते मुख्य बाजार के लगभग सारे मार्ग अवरुद्ध हो चुके हैं। जिनसे बाइक निकलना तो दूर पैदल निकल पाना काफी मुश्किल होता जा रहा है।नगर के मुख्य चौराहों पर यातायात व्यवस्था के लिए लगाए गए होमगार्ड भी कुछ खास नहीं कर पाते हैं। इसलिए जाम लगने पर वो बेबस व लाचार नजर आते हैं। नगर में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था न होने तथा ई बैटरी रिक्शा चालकों की मनमानी व पटरी दुकानदारों व ठेला लगाने वाले दुकानदारों द्वारा फुटपाथ के दोनों ओर अतिक्रमण कर लिए जाने के चलते नगर में जाम की समस्या काफी समय से ज्यों कि त्यों बनी हुई है। मार्ग के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा भी अपनी-अपनी दुकानों के सामने फल, फ्रूट, चाट-चाउमीन आदि के ठेले लगवा कर उनसे मोटी रकम वसूलते हैं, यह भी जाम लगने का प्रमुख कारण है। स्थानीय निकाय व तहसील प्रशासन के अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। वहीं जानकार लोगों का मानना है की पटरी दुकानदारों व ठेला लगाने वालों को मार्ग से दो-दो फिट पीछे कर दिया जाए तो काफी जगह निकल आएगी और आए दिन लगने वाले जाम की स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नगर के प्रमुख समाजसेवी फजलुर्रहमान, राम बिहारी वर्मा, शमसुल हसन, जाने आलम, सुभाष गुप्ता आदि ने नगर में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था कराये जाने तथा हरदोई उन्नाव मार्ग के दोनों ओर पटरी दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को शीघ्र खाली कराए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है। जिससे नगर में लगने वाले भीषण जाम से निजात मिल सके।

## ट्रक व कंटेनर में आमने सामने भिंडत, दोनो चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर गांव आसत के निकट बीती देर रात करीब 2 बजे ट्रक और कंटेनर में आमने सामने की टक्कर हो गई। जिसमें एटा जनपद निवासी और हरदोई जनपद निवासी दोनों चालक घायल हो गए। जिन्हे बांगरमऊ सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हरदोई जनपद के सांडी क्षेत्र निवासी ट्रक चालक अवनीश ट्रक में लोहे के रॉड लादकर फरीदाबाद से लखनऊ जा रहा था। जैसे ही ट्रक लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर आसत गांव के करीब पहुंचा, तभी लखनऊ की ओर से कंटेनर लेकर आ रहे एटा जनपद के मल्लावन निवासी कंटेनर चालक विश्राम के कंटेनर से आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनो चालक फंस गए। जेसीबी की सहायता से दोनों को अलग कर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ट्रक चालक अवनीश की हालत नाजुक बनी हुई है। ट्रक के परिचालक बिहार के सिवान जनपद निवासी रमन ने बताया कि कंटेनर चालक को झपकी आने से वह ट्रक में भिड़ गया।




## फांसी लगाकर किशोरी ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस द्वारा न्याय न मिलने पर आत्म घुटन के बाद पीड़िता ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी ने घर के अंदर स्थित कमरे में कुंडे से दुपट्टा डाल कर फाँसी लगाकर आत्म हत्या कर ली घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्ट पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार 18 दिन पूर्व मृतक किशोरी को गाँव का बिनीत कुमार पुत्र भगवान दीन उर्फ मंगल व लवकुश पुत्र लल्ला शादी का झांसा देकर मोटरसाइकिल से भगा ले गए थे। मृतका की मां ने घटना की सूचना 29 जून को पुलिस को दी थी। पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने 363,366 धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जिसमे पीड़िता ने आरोप लगाया था कि मेरी पुत्री को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ कई दिनों तक लगातार दुष्कर्म करते रहे, पूर्व में भी मेरी पुत्री के साथ उपरोक्त लोगों ने कई बार दुष्कर्म किया, दुष्कर्म का मुकदमा लिखे जाने के भय से मेरी पुत्री को 29 जून को सुबह गांव के पास गंगा एक्सप्रेसवे रोड के किनारे छोड़ गए थे तथा धमकी दी थी की घर व परिवार वालो से कोई बात नही बताना यदि बताओगी तो तुम्हे जान से मार देंगे। शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर लाई थी, किन्तु उन्हें कई दिन रखने के बाद छोड़ दिया था। आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न होने से आत्म घुटन महसूस कर रही पुत्री ने सोमवार को समय लगभग 5 बजे आत्महत्या कर ली, घटना को लेकर पुलिस की कार्य शैली को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

# तारपीन फैक्ट्री में न ही फायर एनोसी, प्रशासन के रहमो करम से हो रही संचालित

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। भरहा समसपुर गांव के पास तारपीन तेल की अवैध फैक्ट्री की शिकायत का मामला अखबार की सुर्खियों में आने के बाद तहसील प्रशासन अपने आप को बचाने के चक्कर मे एसडीएम ने चोरी चुपके से सप्लाई इंस्पेक्टर को भेज कर जांच के नाम पर खानापूर्ति कर दी,जबकि ग्रामीणों की माने तो फैक्ट्री में फायर एनोसी भी नही है।फिर भी प्रशासन कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति कर रहा है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।की आखिर प्रशासन फैक्ट्री मालिक पर मेहरबान क्यों है।भरहा समसपुर गांव में 18 दिन पहले गांव के अंदर अवैध तारपीन पैकिंग के तेल की फैक्ट्री चल रही थी। जहां अचानक विस्फोट होने पर पड़ोस का रहने वाला किशोर झुलस गया था ग्रामीणों के विरोध पर फैक्ट्री गांव के पास में संचालित होने लगी ग्रामीणों का कहना है कि तारपीन के साथ बड़े पैमाने पर पेट्रोल में एथेनॉल मिलने का काम किया जाता है जिस पर ग्रामीणों ने एसडीएम सहित सप्लाई इंस्पेक्टर से जांच करने की मांग की थी। लेकिन एसडीएम ने चोरी चुपके बगैर पुलिस को जानकारी दिए ही सप्लाई इंस्पेक्टर अमित यादव को भेज कर जांच के नाम पर खानापूर्ति कर दी।जांच न होने की सूचना ग्रामीणों को मिलते ही चर्चा का विषय बन गया।ग्रामीणों के अनुसार फैक्ट्री कई दशकों से संचालित हो रही है उसमें न तो फायर एनोसी है और न ही ट्रेडिंग कंपनी का जिक्र है फिर भी छोटी-छोटी बोतलों में तारपीन का तेल भर कर बड़े पैमाने पर धंधा किया जा रहा है। जिसको प्रशासन जानकर भी अनजान बना हुआ है।एसडीएम रामदेव निषाद ने बताया कि सप्लाई इंस्पेक्टर को भेजा था सैंपल मंगाया गया है।फायर एनोसी है की नही यह जानकारी नही ली हमने , फिर भी जांच में जो भी आएगा। कार्रवाई की जाएगी।

## महिला को लाठी डंडों से जमकर पीटा

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी के डकारी गांव निवासी संतोष की पत्नी ऊषा सोमवार सुबह घर के बाहर लकड़ी रख रही थी, तभी राजू गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर राजू और मुन्ना ने लाठी डंडों से ऊषा की पिटाई कर दी। मारपीट में उसका सिर फट गया। घायलावस्था में वह कोतवाली पहुंची। जहां पुलिस ने उसे मेडिकल के लिये भेजा और तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अज्ञात वृद्ध का शव

शुक्लागंज, उन्नाव। सोमवार शाम करीब चार बजे एक अज्ञात 60 वर्षीय बुजुर्ग लाल रंग की साइकिल से सिक्योरिटी गार्ड की ड्रेस पहनकर जा रहा था, तभी मिश्रा कॉलोनी स्थित पुरानी बाजार के पास वह साइकिल से गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत होने पर आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसकी जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाश ली। जहां पहचान से संबंधित कोई कागज नहीं मिले। पुलिस ने आस पास के लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उन्नाव मच्युरी में रखवाया है। मृतक ने नीले रंग की प्राइवेट सिक्योरिटी की ड्रेस पहन रखी थी। जिसमें बेल्ट में एसडीएसएस लिखा हुआ था।

## छोटे भाई ने बड़े भाई पर किया धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर

बांगरमऊ, उन्नाव। मामूली बात को लेकर विवाद में भाई ने धारदार औजार मारकर बड़े भाई को घायल कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के खैराहन गांव निवासी चंदर (50) पुत्र रामबालक रविवार देर अपने घर पर सोने जा रहा था, तभी उसका भाई अपने साथियों के साथ बैठकर नशे आदि का सेवन कर रहे थे। जिसका विरोध करने पर उसने गाली गलौज शुरू कर दी। चंदर ने अपने भाई को गाली देने से मना किया तो उसने धारदार औजार निकालकर उसे वार कर दिया शोर गुल मचाने पर वह वहां से भाग निकला। इसके बाद सूचना पर सीओ अरविंद कुमार और कोतवाली प्रभारी राजकुमार सहित भारी पुलिस बल ने घायल को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

बीघापुर, उन्नाव। पुरानी रंजिश को लेकर परिवार में ही परिवार के सदस्यों ने युवक को पीट दिया पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी कोतवाली बीघापुर क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा पटेल नगर निवासी राकेश कुमार नन्हू पुत्र ओम कार बक्श घर में रिपेरिंग रहा था कि पुरानी रंजिश को मानते हुए परिवार के ही विनीत कुमार मुंशी पुत्र शांती कुमार छेदू शांति देवी पत्नी शांती कुमार लाठी डंडों व लात घुसो से मारने पीटने लगे जिससे युवक के हाथ व सिर में गंभीर चोट आई युवक ने थाने में तहरीर दी पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# अराजनैतिक टिकैत गुट समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक टिकैत गुट के पदाधिकारी किसानों की समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापने तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के प्रांगण में बने शिव मंदिर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक टिकैत गुट के पदाधिकारी व दर्जनों सदस्यों ने बैठक कर किसानों की समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा व उपजिलाधिकारी से वार्ता किया जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी में विद्युत विभाग की अघोषित बिजली लगातार जारी है जिससे किसानों को भारी समस्याएं आ रही हैं जहां एक तरफ किसानों के समरसेबल नहीं चल पा रहे हैं वही शारदा नहर में क्षमता के अनुसार पानी न आने के कारण किसानों को धान की रोपाई करने में भारी दिक्कतें आ रही है ग्राम कुशहा के पास शारदा नहर में गंगा एक्सप्रेसवे के द्वारा माइनर में बंबा डालकर पानी निकासी दे दी गई है लेकिन किसानों को पानी देखने के लिए गंगा एक्सप्रेस के नीचे नहर से जुड़ी पटरी नहीं बनाई गई है गाटा नंबर1744 स्थित ग्राम गौरा भूमि खाता धारकों के नाम दर्ज है जिसको क्षेत्रीय लेखपाल गंगा एक्सप्रेसवे के ठेकेदारों से मिलकर अवैध तरीके से मिट्टी का खनन करा दिया है उक्त भूमि के खातेदार जब से लगातार न्याय पाने के लिए तहसील में चक्कर काट रहे हैं लेकिन उनको कोई भी तहसील प्रशासन की तरफ से न्याय नहीं मिल रहा है इन समस्याओं पर शासन के द्वारा अगर ध्यान नहीं दिया गया तो टिकैट गुट शीघ्र ही धरना प्रदर्शन करेंगा।

## सम्पादकीय

# बिम्सटेक के विकास में भारत के लिए अवसर

भारत को बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) को मजबूत करने पर खास ध्यान देना चाहिए। बिम्सटेक के सभी सदस्य देश भारत के मित्र पड़ोसी देश हैं। सात सदस्यीय बिम्सटेक में पांच दक्षिण एशियाई देश भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल व भूटान और दो दक्षिण पूर्व एशियाई देश म्यांमा व थाईलैंड शामिल हैं। इसमें सबसे अधिक ताकतवर भारत ही है, आर्थिक रूप से भी और सामरिक रूप से भी। सभी के साथ भारत के मधुर संबंध हैं, हालांकि ये देश चीन के प्रभाव में भी हैं। भारत बिम्सटेक का न केवल विकास इंजन बन सकता है, बल्कि वह सदस्य देशों को सामरिक सुरक्षा भी दे सकता है। जब भारत की ग्लोबल भूमिका बढ़ने की बात आती है, ऐसे ही छोटे-छोटे कदमों से वह भूमिका का विस्तार कर सकता है। वर्ष 1997 में बिम्सटेक की स्थापना हुई है, भारत इसका संस्थापक सदस्य है, इसके बावजूद भारत ने इस बहुपक्षीय संगठन के मंच से अपने पड़ोसी देशों के विकास में बड़ा योगदान नहीं दिया है। मोदी सरकार के आने के बाद से बिम्सटेक को प्राथमिकता दी जा रही है, जो चीन से मुकाबला की दृष्टि से जरूरी कदम है। बिम्सटेक क्षेत्र न केवल संसाधन के लिहाज से बल्कि सामरिक सुरक्षा के लिहाज से भी भारत के लिए अहम है। एशिया की तेजी से बदलती भू-रणनीतिक स्थिति में भारत के पास बंगाल की खाड़ी का लाभ उठाकर अधिक मुखर और सक्षम चीन को नियंत्रित करनक का अवसर है। भारत का दायित्व है कि सभी की संप्रभुता का सम्मान करते हुए बिम्सटेक देशों के विकास में अपना योगदान दे और सुरक्षा भी प्रदान करे। चूंकि भारत के पड़ोसी देशों पर चीन का भी आर्थिक वर्चस्व है, इसलिए भारत को चाहिए कि वह चीनी पैठ अपने पड़ोस तक न होने दे। बिम्सटेक के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक नई दिल्ली में हुई, इसके अंतिम दिन विदेश मंत्रियों ने पीएम नरेन्द्र मोदी से संयुक्त रूप से मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने आर्थिक एवं सामाजिक विकास के इंजन के रूप में बिम्सटेक की भूमिका पर जोर दिया। बिम्सटेक ने कनेक्टिविटी, ऊर्जा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, सुरक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर बल दिया है। इस वर्ष सितम्बर में बिम्सटेक का शिखर सम्मेलन थाईलैंड में होना है, जिसमें सहयोग बढ़ाने के अनेक मुद्दों पर चर्चा होगी। ब्रिक्स की तर्ज पर भारत को बिम्सटेक बैंक के गठन को लेकर पहल करनी चाहिए, इसमें भारत को एक बड़ा कोष बनाना चाहिए। यह बैंक बिम्सटेक देशों में इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारने, कनेक्टिविटी बढ़ाने, डिजिटल इन्फ्रा को बढ़ावा देने, गरीबी उन्मूलन करने आदि में अहम योगदान कर सकता है। यह बैंक भारत को पड़ोसी फर्स्ट व एक्ट ईस्ट की नीति के संवर्धन में सहयोग करेगा। इन देशों को विश्वास में लेकर सैन्य सुरक्षा का मार्ग भी भारत प्रशस्त कर सकता है। बिम्स्टेक छोटा पर व्यापक भारतीय प्रभाव वाला मंच बन सकता है। बिम्स्टेक आसियान के सदस्यों के बीच अंतर-क्षेत्रीय सहयोग हेतु भी मंच प्रदान करता है। भारत व म्यांमा को जोड़ने वाली कलादान मल्टीमॉडल परियोजना, म्यांमा होकर भारत को थाईलेंड से जोड़ने वाली एशियाई त्रिपक्षीय राजमार्ग, यात्री और माल परिवहन के निर्बाध प्रवाह के लिए बांग्लादेश-भूटान-भारत-नेपाल (बीबीआईएन) मोटर वाहन समझौता आदि अहम विकास प्रोजेक्ट हैं, जो बिम्सटेक की कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगी। बिम्सटेक देशों के बीच वीजा मुक्त आवाजाही होनी चाहिए।

# ब्रिटेन में कसे जाएं खालिस्तानी



**दरकार**

**आर.के. सिन्हा**

> भारत को ब्रिटेन की नई सरकार से यह भी उम्मीद रहेगी कि पिछले साल भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार तत्वों पर अब कठोर एक्शन लिया जाए। ऋषि सुनक सरकार ने भी खालिस्तान समर्थक संगठनों पर चाबुक चलानी शुरू कर दी थी। ये संगठन ब्रिटेन में बैठकर भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं। इन संगठनों में इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन वगैरह शामिल हैं। खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई एसटीएफ ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सील किए हैं। भारत-ब्रिटेन संबंधों में बेहतरी तभी आएगी, जब वहां खालिस्तानी समर्थक कसे जाएंगे।

ब्रिटेन के हालिया चुनावों में लेबर पार्टी की महत्वपूर्ण जीत से साबित हो गया कि ब्रिटेन की राजनीति में भारतीय प्रवासी समाज की भूमिका बेहद खास है। ब्रिटेन के चुनाव परिणाम यह बताते हैं कि वहां की राजनीति में भारतीय प्रवासियों की ताकत बढ़ती ही जा रही है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित 26 भारतीय मूल के नेता नई संसद के लिए चुने गए हैं। सुनक ने उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड एवं नॉर्थलेरटन सीट पर 23,059 वोट के अंतर के साथ दोबारा जीत हासिल की। सुनक की पार्टी की शिवानी राजा ने लीजेस्टर ईस्ट की सीट जीत ली है। लीजेस्टर ईस्ट की लड़ाई में कई दिग्गज शामिल थे, जिनमें पूर्व सांसद क्लाउड वेबे और कीथ वाज शामिल थे, जिन्होंने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था। कीथ वाज भी भारतीय मूल के ही हैं। वे पहले भी संसद के सदस्य रहे हैं। शिवानी राजा शिक्षा की दुनिया से जुड़ी हुई हैं। वो लंबे समय से कंजरवेटिव पार्टी की एक्टिविस्ट हैं। भारत में जन्मे कनिष्क नारायण पूर्व वेल्स की सीट से जीत गए हैं। वे भी कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार थे। बिहार के मुजफ्फरपुर के मूल निवासी कनिष्क नारायण 12 साल की उम्र में ब्रिटेन आ गए थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड और फिर स्टैनफोर्ड में पढ़ाई की। भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ने फेयरहैम और वाटरलूविल सीट जीती है। उनके पिता गोवा के और मां तमिल मूल की हैं। पंजाबी हिन्दू परिवार से संबंध रखने वाले गगन मोहिन्दर फिर से साउथ-वेस्ट हर्टफोर्डशायर सीट से चुनाव जीत गए हैं। निवर्तमान संसद के सदस्य नवेंदु मिश्र लेबर पार्टी की टिकट पर स्टॉकपोर्ट सीट से कामयाब रहे हैं। वो मूलतः कानपुर से हैं। ब्रिटेन की निवर्तमान संसद में भी 15 भारतीय मूल के सांसद थे। ब्रिटेन के आम चुनाव 2024 में, कुल 107 ब्रिटिश-भारतीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे।

भारत-ब्रिटेन संबंधों को देखा जाए तो इसके प्रमुख रूप से पांच आयाम हैं। ब्रिटेन भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है, जबकि भारत भी ब्रिटेन में नई परियोजनाएं शुरू करने के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश है। भारत के लिए ब्रिटेन एक महत्वपूर्ण आयातक देश है। हालांकि यह भारत को बहुत बड़ी मात्रा में निर्यात भी करता रहा है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारत की कंपनियों की भी बड़ी अहम भूमिका है। भारतीयों की स्वामित्व वाली 700 से ज़्यादा कंपनियों ने ब्रिटेन में 1 लाख से ज़्यादा लोगों को रोज़गार भी दिया हुआ है। टाटा ग्रुप की ही कंपनियों ने ब्रिटेन में हज़ारों लोगों को रोज़गार दिया हुआ है। वहां हिन्दुजा, लक्ष्मी मित्तल, स्वराज पॉल जैसे बहुत सारे बड़े उद्योगपति रहते स्थायी रूप से रहकर ही देश-विदेश में अपना काम कर रहे हैं। इसके अलावा भारत के हज़ारों छात्र ब्रिटेन में पढ़ाई करने भी हर साल जाते हैं। हां,भारत के युवाओं में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में पढ़ाई, नौकरी या निवेश करने का चलन भी बढ़ रहा है। भारत और ब्रिटेन के बीच 200 साल से भी अधिक का पुराना संबंध है। दोनों ही देश सांस्कृतिक संस्थानों और अंग्रेज़ी से माध्यम से जुड़े हैं। दोनों देशों के आपसी संबंधों को मज़बूत रखने में ब्रिटेन में रहने वाले करीब 15




लाख प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है। ये प्रवासी भारतीय न केवल ब्रिटेन और भारत के बीच एक मजबूत पुल का काम कर रहे हैं, बल्कि इन्होंने भारत की संस्कृति से ब्रिटेन को संपन्न भी किया है। प्रवासी भारतीय ब्रिटेन में हर क्षेत्र में प्रभावशाली रूप से मौजूद हैं। अब चाहे वो व्यापार, राजनीति, खेल का क्षेत्र हो या कोई और इन्होंने सभी क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण मुक़ाम हासिल किया है।

भारत को ब्रिटेन की नई सरकार से यह भी उम्मीद रहेगी कि पिछले साल भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार तत्वों पर अब कठोर एक्शन लिया जाए। ऋषि सुनक सरकार ने भी खालिस्तान समर्थक संगठनों पर चाबुक चलानी शुरू कर दी थी। ये संगठन ब्रिटेन में बैठकर भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं। इन संगठनों में इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन, खालसा टेलीविजन लिमिटेड, खालिस्तानी टेलीविजन चैनल वगैरह शामिल हैं। ब्रिटेन में खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई गई स्पेशल टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सील करके 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जब्त की है। भारत-ब्रिटेन संबंधों में बेहतरी तभी आएगी, जब वहां खालिस्तानी समर्थक कसे जाएंगे। अब भारत-ब्रिटेन का यह लक्ष्य रहेगा कि दोनों देश व्यापार, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा में सहयोग बढ़ाएं। पिछली 4 जुलाई को ब्रिटेन में हुए संसदीय चुनावों के परिणाम व्यापक रूप से अपेक्षित थे। कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी को 34 फीसदी वोटों के साथ हाउस ऑफ कॉमन्स में 650 सीटों में से 410 सीटों पर जीत मिली। वे अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनकी भी भारतीय सनातनी परम्पराओं में गहरी आस्था है और वे नियमित रूप से हिन्दू मंदिरों में जाते रहे हैं। हालिया चुनाव परिणाम भारत-ब्रिटेन संबंधों के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों ही प्रस्तुत करते हैं, जो पिछले दो दशकों में लगातार मजबूत होते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से बात की और उन्हें पीएम चुने जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने विगत शनिवार को ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री से बात करते हुए उन्हें लेबर पार्टी की उल्लेखनीय जीत पर बधाई दी। बातचीत में दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री को मोदी ने भारत आने का निमंत्रण भी दिया। दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए को जल्द फाइनल करने की दिशा में काम करने पर भी सहमति जताई। भारत और ब्रिटेन के बीच आपसी संबंध मजबूत करने के लिहाज से एफटीए का काफी महत्व है। इस मुद्दे पर आगे बढ़ने के लिए दोनों ही देश कोशिशें कर रहे हैं। इस बाबत वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल गंभीरता से प्रयास करते रहे हैं। प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते में कुल 26 अध्याय हैं, जिनमें से अधिकतर पर आपसी सहमति बन गई है। अगर एफटीए हो जाता है तो इससे दोनों देशों में आर्थिक विकास और रोजगार के मौके को बढ़ावा मिलेगा। अभी ब्रिटेन के साथ भारत का जो द्विपक्षीय व्यापार है, वो भारत के पक्ष में ही थोड़ा झुका है। यानी भारत आयात के मुकाबले ब्रिटेन को निर्यात ज्यादा करता है। हालांकि आयात-निर्यात के बीच का यह अंतर बहुत ज्यादा नहीं है।


भविष्य में भारत-ब्रिटेन के साथ संबंधों में लगातार बेहतरी की उम्मीद की जा सकती है। भारत चाहेगा कि नई सरकार ब्रिटेन में भारत विरोधी तत्वों की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाए और पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद का मुकाबला करने में सहयोग करे। वैसे ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री का कश्मीर पर रुख जग-जाहिर है। वे कश्मीर विवाद को पूर्णतः भारत का अंदरूनी मामला मानते हैं और कश्मीर में किसी भी तरह के पाकिस्तानी हस्तक्षेप के सख्त खिलाफ हैं।

## सारा संसार



*मध्य प्रदेश राज्य में सतना जिले के मैहर शहर में त्रिकुटी की सबसे ऊंची पहाड़ी पर स्थित मैहर माता मंदिर भारत के सबसे दिव्य मंदिरों में से एक है। मैहर माता का यह प्राचीन मंदिर माँ शारदा देवी की पूजा अर्चना और उनके चमत्कारों के लिए जाना जाता है।*

## सत्य के प्रति जागने में ही है 'जीवन की महत्ता'



संकलित

**दर्शन**

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है। परमात्मा प्रदत्त यह काया क्षणभंगुर है, पर इसके अंदर स्थित आत्मा अविनाशी है।

## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित

**प्रेरणा**

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजियेगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दियाः राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरूजी ने कहाः राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

**सजगता**

**डॉ. मोनिका शर्मा**



## सैर सपाटे में अनुशासन जरूरी

बीते दिनों महाराष्ट्र के लोनावला में भुशी बांध पर सैर-सपाटा करने पहुंचा एक पूरा परिवार झरने के पानी में बह गया। इस अनहोनी के वायरल वीडियो में तेज बहाव के बीच समूह बनाकर खड़े बच्चे-बड़े भय से चीखते देख रहे हैं। पानी की गति इतनी तेज थी कि हादसे में एक ही परिवार के नौ में से पांच सदस्य डूब गए। बरसात ने अभी दस्तक दी ही है, पर देशभर के पर्यटन स्थलों पर ऐसे कई हादसे हो चुके हैं। हाल ही में बोकारो में ग्रामीणों ने दामोदर नदी में डूबते चार युवकों की जान बचाई, जो दामोदर नदी में स्नान करते हुए तेज़ बहाव में डूब गए थे। हर वर्ष ही बरसात के मौसम में सैर सपाटे के निकले लोगों के साथ ऐसी दुर्घटनाएं होतीं हैं। इन हादसों का सबसे दुखद पक्ष यह है कि कभी सुरक्षा नियमों की अनदेखी तो कभी अति-आत्मविश्वास के चलते लोगों का जीवन छिन जाता है। तकलीफदेह है कि बरसात के सुहावने मौसम में सैर-सपाटा करते लोग अपनी जान को जोखिम में डालने की गलती करते हैं। इस मौसम में बांध, नदी, झरने वाली जगहों पर ही पर्यटक जाना पसंद करते हैं। ऐसे अधिकतर स्थल आबादी वाली जगहों से दूर होते हैं, जिसके चलते समय पर बचाव दल का पहुंचना भी कठिन होता है। इतना ही नहीं बारिश में ऐसी जगहों पर अचानक पानी का बहाव तेज़ होने की भी संभावना रहती है। कहां और किस तरह दुर्घटना हो जाए यह समझना कठिन होता है। कहीं चट्टान वाली जगह पर फिसलन की आशंका रहती है तो कहीं पानी की गहराई की जानकारी नहीं होती। अचानक तेज वर्षा होने पर कई स्थलों का पानी का बहाव रौद्र रूप ले लेता है। लोनावला में भुशी बांध पर हुए हादसे में पूरा परिवार यूं झरने के पानी की तेज गति की ही अपने चपेट में आ गया। ध्यातव्य है कि अधिकतर मामलों में लोग भारी बरसात के अलर्ट, दुर्घटना स्थल से जुड़ी चेतावनियों और पर्यटन स्थल पर सुरक्षा को लेकर जारी नियमावली को भी नहीं मानते। पहाड़ी क्षेत्र हो या नदी-समुद्र जोखिमपूर्ण हिस्सों में भी पहुंच जाते हैं, जबकि प्रशासनिक अमले द्वारा समय-समय पर मानसून के मौसम में सैर सपाटे के दौरान ऐहतियात बरतने की सलाह दी जाती है। सैलानियों की सुरक्षा के लिए ऐसे स्थलों पर सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देशों वाले बोर्ड लगाए जाते हैं। कई स्थलों को प्रतिबंधित घोषित किया जाता है। बावजूद इसके पर्यटक स्थलों पर न केवल सतर्कता की कमी ही देखने को मिलती है, बल्कि नियमों की अनदेखी की जाती है। हालिया बरसों में वर्चुअल दुनिया का दिखावा भी पर्यटन स्थलों पर होने वाले हादसे का कारण बना है। रील-वीडियो बनाने, विशेष तरह की तस्वीरें खींचने और अजब-गजब करतब करने के इरादे से की गई गतिविधियां दुर्घटनाओं को न्योता देने वाली साबित होती हैं। बीते दिनों गुजरात के कच्छ में मुंद्रा समुद्र तट पर इंस्टाग्राम रील्स के लिए स्टंट के करने के लिए समुद्र में उतारी दो गाड़ियों को पानी के तेज़ बहाव ने डुबो ही दिया था कि लोगों की मदद से उनकी जिंदगी बच सकी।

## रथ यात्रा उत्सव



*पुरी में शुक्रवार को वार्षिक रथ यात्रा उत्सव के तहत भगवान जगन्नाथ की वापसी यात्रा, बहुदा यात्रा की तैयारियों के दौरान पुलिसकर्मी एक रथ खींचते हुए।*

## आज की पाती

### बेरोजगारों को मिले मौका

हमारे देश में बढ़ती जनसंख्या और आधुनिक तकनीक ने बेरोजगारी की समस्या के जख्मों पर नमक लगाने का काम किया है। इसलिए अब सरकारों को ऐसी नीतियों को अपने वोट बैंक के लिए लगाम कसने की जरूरत है जो बेरोजगारी को बढ़ाती हों। हर कदम सोच समझकर उठाने की जरूरत है, ताकि हर बेरोजगार को रोजगार मिल सके। सरकारी नौकरी में रिटायरमेंट के बाद सेवा विस्तार नहीं देना चाहिए, ताकि बेरोजगार युवाओं को नौकरी का मौका मिल सके। अगर कोई सरकारी कर्मचारी एसोसिएशन या एक कर्मचारी भी रिटायरमेंट के बाद सेवा विस्तार की मांग करता है तो उन्हें इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि क्या इससे उनके बच्चों को सरकारी नौकरी मिल पाएगी? शायद नहीं। - **संजय पटेल**, भाटापारा

## करंट अफेयर

### यूएई में एक सड़क भारतीय मूल के डॉक्टर के नाम पर


संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में एक सड़क का नाम भारतीय मूल के 84 वर्षीय डॉक्टर के नाम पर रखा गया है। यह देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति श्रद्धांजलि है। नगर पालिका और परिवहन विभाग (डीएमटी) ने डॉ. जॉर्ज मैथ्यू के योगदान को मान्यता देने के लिए अबू धाबी में एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा है। यह नाम, "यूएई के दूरदर्शी लोगों का सम्मान : स्मृति मार्ग" परियोजना के तहत दिया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य उन व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



## ऑफ बीट

### चार दिन का सप्ताह हो सकता है कारगर

सप्ताह में पांच दिन काम करने वाले कई लोगों को यह एक सपने जैसा लग सकता है कि केवल चार दिन काम और एक लंबा सप्ताहांत। जब सप्ताहांत बहुत छोटा लगता है और पूर्णकालिक नौकरी को बचाने का दबाव श्रमिकों को सिरे तक धकेल देता है, तो चार-दिवसीय कार्य सप्ताह बहुत आकर्षक लग सकता है। हालाँकि व्यवहार में ऐसा कैसे होता है, और क्या यह आम बात बन सकती है? खैर, चार-दिवसीय कार्य सप्ताह परीक्षणों के बारे में हालिया खबरें अलग-अलग परिणाम दिखाती हैं। यूके में सबसे बड़े परीक्षण (जिसमें 60 से अधिक कंपनियां और लगभग 3,000 कर्मचारी शामिल थे




## ट्रेंड

### नीतियों को समावेशी बना रहे

वर्ष 2016 में हमने परिवार विकास मिशन आरंभ किया था। हमें अत्यंत प्रसन्नता है कि आज हमारी इस शुरुआत के सकारात्मक परिणाम आए हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के लिए हम अपनी नीतियों को लगातार अधिक समावेशी और प्रभावी बना रहे हैं।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री**



### मानवाधिकारों के लिए अहम

लैंगिक समानता हासिल करना लोगों के मानवाधिकारों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। वे तेजी से विकास या गिरावट जैसे सबसे चरम जनसांख्यिकीय परिणामों का मुकाबला करने में मदद कर सकते हैं।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**



### सत्य की जीत

झूठे केस लगाकर सच को कब तक क़ैद में रखोगे। पूरा देश आपकी तानाशाही को देख रहा है। सुप्रीम कोर्ट मानते हैं कि केजरीवाल को ईडी ने झूठा फंसाया है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला सत्य की जीत है।

**-संजय सिंह, आप नेता**



### जैव विविधता पार्क बनाया

हमने पुणे में संरक्षण के लिए एक बंजर भूमि से उड़ान जैव विविधता पार्क बनाया है! दुर्लभ शिव सुमन पौधा, जो एक समय गंभीर रूप से लुप्तप्राय था, वापस लौट रहा है। ब्लू मॉर्मन (तितली) भी यहां पनपती है!

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**



## संक्षेप

### बांधो का पानी छोड़ने से बढ़ रहा है गंगा का जलस्तर

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि शुक्लागंज में शनिवार शाम 5 बजे गंगा का जलस्तर 111.660 मीटर दर्ज किया गया था। जो रविवार सुबह 11 बजे तक स्थिर रहा। जो एक बजे 111.700 मीटर पहुंच गया। जिसके बाद शाम पांच बजे गंगा के जलस्तर में दो सेंटीमीटर और बढ़ोत्तरी दर्ज की गई और जलस्तर 111.720 मीटर मापा गया। जो चेतावनी बिंदु 112 से महज 28 सेंटीमीटर दूर था। जिसके बाद जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई और सोमवार दोपहर 12 बजे 111.910 मीटर दर्ज किया गया। गंगा के बढ़े जलस्तर के कारण गोताखोर, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड, कर्बला, शाही नगर, तेजी पुरवा, गगनी खेड़ा आदि इलाकों में बने मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भर गया। जिससे वहां पर रहने वाले लोगों को आवागमन में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं अब ग्रामीण क्षेत्रों की ओर बाढ़ का पानी रूख कर गया है। जिससे कटरी से लगे गांवों में भी गंगा का पानी भर गया। वहीं खेतों में पानी भरने के कारण सब्जी की फसलें बर्वाद होने का खतरा अब किसानों को सताने लगा है।

### विमल द्विवेदी के अल्टीमेटम से पुलिस ने विशेष समुदाय आरोपी पर दर्ज की रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया की गांव के ही विशेष समुदाय के युवक ने जबरन पकड़ कर छेड़छाड़ किसी को बताया तो जान से मार देने की धमकी दी जिसपर पुलिस ने छेड़छाड़ सहित जान से मारने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू की।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र कर बताया कि धौरा गांव निवासी दिलशाद पुत्र सबदर आए दिन रास्ते में रोक कर अभद्रता करता है। विरोध करने पर जान से मार देने की धमकी देता है।फोन पर गंदी गंदी बात करता है।मामला हिंदू जागरण मंच प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी को जानकारी होते ही कोतवाली प्रभारी से बात कर आरोपी युवक पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की जिसपर पुलिस ने आरोपी युवक पर छेड़छाड़ सहित जान से मारने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कीकोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि किशोरी की तहरीर के आधार पर छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### देवरानी से झगड़ा, जेठानी ट्रेन के आगे कूदी

अयोध्या, अयोध्या जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र में देवरानी से झगड़ा के बाद जेठानी ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दिया। लखनऊ-अयोध्या रेल खंड पर पटरंगा के थाना क्षेत्र जंगी का पुरवा गांव के समीप शनिवार की सुबह एक महिला का शव क्षत विक्षत पड़ा ग्रामीणों ने देखा।

# विनय प्रकाश सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि

## जर्मनी की हेसेन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने दी उपाधि

### लगातार 25 वर्षो से अनूठे सामाजिक कार्यो के लिए मिला सम्मान

अमन लेखनी समाचार/फैजान

कैसरगंज, बहराइच। हुकुम सिंह इंटर कॉलेज कैसरगंज के शिक्षक व सामाजिक संस्थान सेवा क्लब के संस्थापक सामाजिक कार्यकर्ता विनय प्रकाश सिंह को जर्मनी की हेसेन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने सामाजिक कार्यों के लिए पीएचडी मानद उपाधि दी है। उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच के क्षेत्र कैसरगंज में विगत 25 वर्षों से समाजसेवी शिक्षक विनय प्रकाश सिंह लगातार अपने अनूठे सामाजिक प्रयासों के द्वारा हर वर्ग के आमजन को शिक्षा, चिकित्सा व अन्य सहायताओं के साथ जागरुक कर स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र में सम्मान हो या सहायता, चिकित्सा से में चिकित्सीय मदद हो या परामर्श व जागरूकता,



नौनिहालों को पढ़ने के लिए निःशुल्क पाठ्य पुस्तके उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रेरित करना, निःशक्त व असहयों की मदद करना एवं समय-समय पर विभिन्न सांस्कृतिक सहभागिता में कैसरगंज क्षेत्र में बढ़-चढ़कर सहयोग करना व आयोजन करने के क्रम में एक उच्च कोटि के सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। जिसके लिए जर्मनी की हेसेन इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा उन्हें सामाजिक कार्य में पीएचडी मानद उपाधि प्रदान की गई। नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में एक बृहद कार्यक्रम के द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य के लिए विशिष्ट लोगों को पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान दी गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भारत में शांति व खेल काउंसिल अफगानिस्तान के प्रतिनिधि डॉ. तंजाइरे वशिष्ठा, सिडनी ऑस्ट्रेलिया के वरिष्ठ पत्रकार चार्ल्स थामसन, जर्मनी सर्टिफाइड लीडरशिप व टीम ट्रेनर के रिंगों गोसलर, एशिया पेसिफिक कावेटी ला फर्म ऑस्ट्रेलिया डायरेक्टर डॉ. विक गाफनी, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ला एक्सपर्ट यूनिवर्सिटी आफ मैनचेस्टर एडवोकेट नवनीत मोमी, प्रोफेसर व इंटरनेशनल एकेडमिशियन ओडेशा यूक्रेन के डॉ. इवजेनिया झारिकोवा, डेप्युटी सुपरीटेंडेंट का पुलिस हरियाणा प्रदीप खत्री, कैडिला फार्मा पूर्व सीनियर वाइस प्रेसीडेंट डॉ. पी.के.राजपूत, राजगुरु अमन्त विभूषित अमृतानुभव पीठाधीश जगदाचार्य ब्रह्म ऋषि गौरी शंकर आचार्य आदि की गरिमामयी उपस्थिति में पूर्व में सम्मान के लिए चयनित लोगों को पीएचडी मानद उपाधि प्रदान दी गई। इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली में आयोजित जर्मनी की हेसेन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में विनय प्रकाश सिंह को गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में धरना, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। बेसिक शिक्षा महानिदेशक द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत शिक्षकों अनुदेशकों शिक्षामित्र से ऑनलाइन हाजिरी लगाने, रजिस्टरों का डिजिटलाइजनेशन करने, छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के विरोध के क्रम में आज संयुक्त मोर्चे ने धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से भेजा। ज्ञापन के साथ-सात सूत्रीय मांग पत्र दिया गया। इस प्रदर्शन ज्ञापन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी जुटे। कार्यक्रम को जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, शैक्षिक महासंघ, शिक्षामित्र संघ, अटेवा, अनुदेशक संघ, टी यस सी टी उर्दू शिक्षक संघ आदि संगठनों का सहयोग प्राप्त था। शिक्षक शिक्षा मित्र



अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संयोजक एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने बताया कि यह मोर्चा शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक और कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करता रहेगा। ज्ञापन देकर यह बता दिया गया है कि जब तक महानिदेशक बेसिक शिक्षा के आदेश को वापस नहीं लिया जाता तथा जो शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक कर्मचारियों की मांगे हैं उनको मान नहीं लिया जाता तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा। आंदोलन के अगले चरण में सभी संयुक्त मोर्चा के घटक मिलकर 29 तारीख को महानिदेशक कार्यालय में धरना देंगे और यह धरना तब तक चलेगा। जब तक हमारी मांगे पूर्ण नहीं करी जाती। ज्ञापन कार्यक्रम में भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, संतोष सिंह, शक्तिधर पाठक, उमेश चंद्र त्रिपाठी, राकेश कुमार मौर्य, शिव श्याम मिश्रा, कुशवेंद्र सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, अखिलेश यादव, पंकज कुमार वर्मा, बलवंत सिंह अनीस अहमद, संदीप वर्मा, पंकज प्रकाश मिश्रा, जमाल अजहर सिद्दीकी, विशाल श्रीवास्तव, सईद अहमद, राजेश कुमार, सुभाष चंद्र वर्मा, बलवंत, राधेश्याम, राजेश कुमार सिंह, डीडी पटेल, राकेश कुमार, प्रवीण श्रीवास्तव, इंद्रजीत सिंह, अलीम अहमद, यतेंद्र त्रिवेदी, अश्वनी सिंह, यादव दिनेश वर्मा, भूपेंद्र कुमार सिंह, दिनेश वर्मा, उबेदुरहमान, प्रदीप मिश्रा आदि शिक्षक शिक्षामित्र व कर्मचारी नेता सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस का चला हंटर तो नौ हुये अंदर



### शांति व्यवस्था भंग होने के दृष्टिगत नौ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला द्वारा अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह के निर्देशन में चौकी इंचार्ज बाबागंज राम गोविंद वर्मा मय पुलिस टीम द्वारा आगामी मोहर्रम त्यौहार को देखते हुए गांव में मारपीट झगड़े आदि के क्रम में पुलिस ने सोमवार को गुन्नू लाल पुत्र रामविलास,इरफान पुत्र इसरार, मोनू पुत्र ननकू, आशु पुत्र ननकू, अनीश पुत्र अब्दुल रहमान, सलमान पुत्र गुलाम वारिस, शरीफ पुत्र मुस्तफा,शेरु पुत्र मुन्नू, शाहनवाज पुत्र नजीर निवासीगण सुजौली सहित 9 व्यक्तियो को शांति भंग में चालान किया है। चौकी इंचार्ज बाबागंज राम गोविंद वर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र में माहौल खराब ना हो एवं शांत व्यवस्था कायम करने के लिए गांवों से विवाद में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की गई है।

# पत्नी को विदा कराने आये व्यक्ति की हत्या के प्रयास में दो वांछित गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच ।अपनी पत्नी को रूपईडीहा से विदा कराने आए युवक पर उसके ही ससुराली जनो द्वारा धारदार हथियार से हमला करने वाले दो युवकों को रूपईडीहा पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रूपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि वारिश अली पुत्र अब्दुल सत्तार नि0 रिसिया बाजार नानकपुरा थाना रिसिया जनपद बहराइच अपनी पत्नी तरन्नुम को लेने उसके मायके रूपईडीहा गांव व थाना रुपईडीहा आया था तभी आपसी मामले को लेकर दोनो पक्षों में कहा सुनी होने लगी वारिश अली ने इसका विरोध किया तो विपक्षीगण ससुरालीपक्ष वारिश अली को गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडा चाकू से एक जुट होकर




मारने लगे तथा वारिश अली को पकड़ लिये और जान से मारने की नियत से चाकू से गले पर कई बार वार किये जिससे काफी गम्भीर चोटे आने के संबंध में पंजीकृत कर मामले की गम्भीरता को तुरन्त संज्ञान लेते हुए अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक के द्वारा उपनिरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु मिलने के संभावित स्थान पर तलाश कर रही थी कि सोमवार को मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त मो0 सगीर पुत्र मो0 शरीफ उम्र करीब 27 वर्ष तथा नूर आलम पुत्र मो0 शरीफ उम्र करीब 24 वर्ष निवासीगण रूपईडीहा गाव थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच को चकिया तिराहे कस्बा रूपईडीहा से गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में आवश्यक कार्यवाही करने के उपरांत अभियुक्तगण उपरोक्त को पेशी हेतु माननीय न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया गया।

# 17 लाख की स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच ।भारत नेपाल सीमावर्ती कस्बा रूपईडीहा से पुलिस व एस एस बी की सैयुक्त टीम ने 17 लाख की स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है ।प्रभारी निरीक्षक थाना रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि उनके द्वारा गठित पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विजय कुमार व संतोष कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल व एसएसबी बल द्वारा भारत नेपाल सीमा पर स्थित सीमान्त पीजी कालेज के पास से एक अभियुक्त अब्दुल सलाम पुत्र समसुद्दीन निवासी शेखपुरवा सहदेव थाना रिसिया जनपद बहराइच को 37 ग्राम ग्राम नाजायज स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए स्मैक की कीमत लगभग 17 लाख रुपए आंकी गई है ।जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक



कार्यवाही करने के उपरांत अभियुक्त अख्तर अली उपरोक्त को पेशी हेतु माननीय न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया गया।

# 188 व्यक्तियों के खातों में हस्तान्तरित किये गये 114.705 लाख रुपए

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। अति वर्षा व जल भराव के दृष्टिगत जनपद में विशेषकर नदियों के निकट स्थित ग्रामों में उत्पन्न हुई बाढ़ जैसी परिस्थितियों के दृष्टिगत जनपद में हुई जनहानि, पशुहानि, कटान इत्यादि आपदाओं से प्रभावित व्यक्तियों को राहत पहुंचाए जाने के उद्देश्य से 188 व्यक्तियों के खातों में रू. 114.705 लाख की धनराशि का हस्तान्तरण किया गया है। तहसील नानपारा अन्तर्गत अहैतुक सहायता/गृह अनुदान के रूप में 03 प्यक्तियों के खातों में रू. 4.195 लाख, तहसील महसी अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता एवं पशु क्षति के रूप में रू. 12.375 लाख तथा तहसील सदर अन्तर्गत 02 के खातों में अहैतुक सहायता व गृह अनुदान के रूप में रू. 4.08 लाख की कुल 09 व्यक्तियो के खातों में कुल रू. 20.76 लाख की धनराशि 11 जुलाई 2024 को हस्तान्तरित की गई है। इसी प्रकार तहसील कैसरगंज अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 12.00 लाख, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता/गृह अनुदान के रूप में रू. 4.08 लाख, तहसील पयागपुर अन्तर्गत 06 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 12.00 लाख, तहसील महसी अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 12.04 लाख, तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के खातों में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 12.00 लाख, तहसील नानापारा अन्तर्गत 03 व्यक्तियों को अहैतुक/गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 0.195 लाख कुल 22 व्यक्तियो के खातों में कुल रू. 52.315 लाख की धनराशि 12 जुलाई 2024 को हस्तान्तरित की गई है। इसके अलावा तहसील नानपारा अन्तर्गत अहैतुक सहायता/गृह अनुदान सहायता के रूप में अग्निकाण्ड से प्रभावित 19 व्यक्तियों के खातों में रू. 1.35 लाख एवं तहसील महसी अन्तर्गत 69 व्यक्तियों के खातों में रू. 3.99 लाख, तहसील मिहींपुरवा अन्तर्गत 15 व्यक्तियों के खातों में रू. 0.94 लाख, तहसील सदर अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के खातों में रू. 0.20 लाख, तहसील कैसरगंज अन्तर्गत 11 व्यक्तियों के खातों में रू. 0.76 लाख, तहसील पयागपुर अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के खातों में रू. 0.15 लाख तथा तहसील नानपारा अन्तर्गत नदी की कटान से हुई झोपड़ी, कच्चे व पक्के मकानों की क्षति के फलस्वरूप 36 व्यक्तियों के खातों में गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 34.24 लाख कुल 157 व्यक्तियों के खातों में रू. 41.63 लाख की धनराशि 13 जुलाई 2024 को हस्तान्तरित की गई है।

# बाइक से बांध की जांच करने पहुंचे डीएम

## बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का किया निरीक्षण, मैरुण्ड गांव में राहत सामग्री बांटने के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

इटवा, इटवा में डीएम सिद्धार्थनगर डॉ0 राजागणपति आर ने बाइक पर बैठकर सोनबरसा भैंसाही जंगल के बांध की जांच करने पहुंचे। अधिकारियों को बांध की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए। तहसील प्रशासन को भी निर्देश दिए कि मैरुण्ड में वहां तत्काल राहत सामग्री का वितरण शुरू कराया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने हल्का लेखपालों को निर्देश दिया कि बाढ़ से प्रभावित मैरूण्ड गांवों का सर्वे कर लें। जितने भी मैरूण्ड गांव है वहां पर लोगों को राहत सामग्री का वितरण कराने का निर्देश दिया। गांवों में बुजुर्ग, महिला/पुरूष, बीमार व्यक्तियों को चिह्नित कर लें। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित गांव में ऐसी महिला जो गर्भवती है और उसकी डिलीवरी 15-



20 दिनों के अन्दर होना है तो उसे पहले से ही चिह्नित कर सुरक्षित प्रसव करने हेतु सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया जाये। जिससे उस परिवार के लोगों को कोई समस्या न होने पाये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी इटवा को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन की बाढ़ निरीक्षण रिपोर्ट जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम में भेजा जाये।

अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर बांध का निरीक्षण करते हैं। बाढ़ प्रभावित गांवों में लोगो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

यदि किसी बांध पर रिसाव होता है तो वहां पर मरम्मत कराकर ठीक कराएं। जिससे किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। गरीब कल्याण समिति के राम गोपाल यादव ने भी समस्याओं को बताया। डीएम ने आश्वस्त किया कि प्रशासन हर स्थिति से निपटने को तैयार है। निरीक्षण के समय संबधित हल्का लेखपाल, एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के जन्मदिवस पर 50 कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। भारतीय श्रमिक कामगार कमार्चारी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के जन्मदिन 15 जुलाई के अवसर पर भारतीय श्रमिक कामगार कमार्चारी महासंघ बहराइच के कार्यकताओं द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक मेडिकल कॉलेज बहराइच में आयोजित किया गया। जिसमें सभी कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिला अध्यक्ष एसपी सिंह के आयोजन में यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय महासचिव स्वस्थ रहें और दीघार्यु रहें ऐसी कामना के साथ हम सभी ने रक्तदान किया है। रक्तदान का उद्देश्य है कि किसी भी शोषित



पीड़ित वंचित गरीब की जान खून की कमी से न जाने पाए। प्रत्येक वर्ष हम लोग महासचिव सर्वेश पाठक के जन्म दिवस पर रक्तदान का आयोजन ऐसे ही करते रहेंगे। इस मौके पर साथ में प्रदेश मंत्री पवन वर्मा, क्षेत्रीय मंत्री बलराम पाठक, जिला उपाध्यक्ष राज त्रिपाठी के साथ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ओ लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भादद्वाज ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को निःशुल्क ओ लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 05 अगस्त 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए उन्होनें बताया कि ऐसे छात्र जिनके अभिभावक की वार्षिक आय रू. 01 लाख वार्षिक से अधिक न हो, अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, आवेदक की न्यूनतम योग्यता




इण्टरमीडिएट से कम न हो तथा किसी भी संस्था से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहे हों, अर्ह होंगे। उन्होनें बताया कि आनलाइन आवेदन के पश्चात अभ्यर्थियों को पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 05 अगस्त 2024 की सॉय 05:00 बजे तक उपलब्ध करा दें।

# सीएमओ ने पीएचसी भनवापुर का निरीक्षण किया

- कहा- बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आशा, एएनएम और पर्यवेक्षकों के माध्यम से दें लोगों को बेहतर सेवा

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर में सीएमओ डॉ. रजत चौरसिया ने पीएचसी भनवापुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को देना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ ने सीएचसी सिरसिया में बाढ़ का पानी भर जाने के कारण इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवा पीएचसी भनवापुर से संचालित करने



का निर्देश दिया। कहा कि बाढ़ प्रभावित गांवों में लोगों को परेशानी न हो इसके लिए क्षेत्र की आशा, एएनएम के साथ ही पर्यवेक्षकों के माध्यम से स्वास्थ शिविर लगा कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को दिया जाए। पीएचसी भनवापुर का जर्जर भवन के संबंध में अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने कहा कि पिछले साल भवन के ध्वस्तीकरण, मूल्यांकन व नीलामी की प्रक्रिया आरंभ हुई थी लेकिन अभी तक पूरा नही हुआ।

# संक्षेप

## युवक को पीटने वाले चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ओडवलिया निवासी आयसा खातून पत्नी मंजूर के लड़के सैफ से 13 जुलाई को गांव के कुछ लड़के से विवाद हो गया था। गांव के लोगो ने मामला शांत करा दिया था। 14 जुलाई को लड़का सुबह 9.30 बजे गांव में जा रहा था। कि रास्ते मनबढ उसे घेर लिए और हाकी से पीटकर घायल कर दिए बचाव करने पहुंची लड़की लाडो को मारा पीटा। पुलिस ने आरोपी रेहान,अमान,वारिस,समीर के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## मारपीट के मामले में चार पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

### दूसरे पक्ष के खिलाफ चार लोगो पर भी मारपीट का केस दर्ज

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के बनकटिया निवासी आरती देवी पत्नी चंद्रजीत के बेटी कुसलावती और बेटे श्रीकेश,रतिलाल को 13 जुलाई शाम 6 बजे विपक्षी गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा से मार कर सिर फोड़ दिए थे।जिससे बेटा श्रीकेश बेहोश हो गया था। पुलिस ने डब्बू,विपिन, प्रमोद,शिवम के खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।वही दूसरे पक्ष के प्रमोद कुमार पुत्र सुरज लाल ने श्रीकेस, रतिलाल, चंद्रजीत,राकेश के खिलाफ मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## दहेज में पांच लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटा, केस दर्ज

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ निवासी नेहा की शादी 1दिसंबर 2023 को आर्यन पुत्र रामपाल निवासी खुर्रमपुर थाना राजघाट के साथ हुई थी। पति साथ में नौसढ में रहता था। 19 मई 2024 को पति के मां का फोन आया था। वह घर चला गया। जब वापस लौटा तो उसने कहा की मां और बहनोई मेरी दूसरी शादी तय कर चुके है। जहां 5 लाख रुपया मिल रहा। उसने कहा की 5 लाख रुपया देने पर ही रखेगे। तो विवाहिता ने असमर्थता जाहिर किया। जिससे उग्र होकर पति मारने मिटने लगा, और जान मारने की कोशिश किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति आर्यन,सास,बहनोई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## झोपड़ी उजाड़ कर फेंका अवैध कब्जा करने का प्रयास

गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरसाड टोला तेलियाडिह निवासी हरिनाम, सलहन्त आबादी की भूमि आराजी संख्या 658 में कई वर्षो से झोपड़ी बना कर रहते है। लेकिन गांव का एक मनबढ उसे झोपड़ी को उखाड़ कर फेक दिया है। उस पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट पर आमादा हो रहा है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी सहजनवा से शिकायत कर अवैध कब्जा हटाने की मांग किया है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी दीपक गुप्ता ने कहा की लेखपाल को मौके पर भेज कर रिपोर्ट मांगी जायेगी।

# बाल संसद का हुआ गठन

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर।रेकिट इंडिया एवं प्लान इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के तहत विकासखंड पिपरौली के संविलित पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरहुआ में नामांकित बच्चों में से चुनाव प्रक्रिया के द्वारा बाल संसद के सदस्यों का चुनाव किया गया जिसमें प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री के अलावा बाल संसद के 12 मंत्रीयो का चुनाव विद्यालय के प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षकों के उपस्थित में किया गया। कार्यक्रम के जिला लीड रंजीत कुमार ने बताया कि बाल संसद छात्रों में जीवन कौशल का विकास करने, नेतृत्व एवं निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने, विद्यालय गतिविधियों एवं प्रबंधन में भागीदारी सुनिश्चित करने, विद्यालय को आनंददायी, सुरक्षित और साफ-सुथरा रखने के लिए बाल संसद का गठन किया जाता है। बाल संसद विद्यालय बच्चों का एक ऐसा मंच है, जहां वे अपने विद्यालय, समाज, परिवार, स्वास्थ्य-शिक्षा और अपने अधिकारों की बात खुलकर कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने बाल संसद सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें उनके अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई। स्कूल मोबिलाइज कृष्ण कुमार पांडे द्वारा सभी बाल संसद के सदस्यों को शपथ ग्रहण करायें। मौके पर बाल संसद के अलावा प्रधानाध्यापिका -श्रीमती मंजूषा सिंह, सहायक अध्यापक रेखारानी चौरसिया, सुनीता जायसवाल, रजनी सोनकर, सीमा पाण्डेय, माया विश्वकर्मा, संगीता मद्धेशिया सहित अन्य शिक्षिका उपस्थित थे।

## पुरानी रंजिश को लेकर पीटा दोनो पक्षों के 12 लोगो पर बलवा मारपीट का केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के कुसम्हा निवासी लालचंद्र पुत्र स्व राम अदिति का लड़का रविवार को सुबह 8.30 बजे मंदिर पर बैठा था। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन से अधिक संख्या में विपक्षी उसे गाली गलौज करते हुए लोहे के रॉड, डंडे से पीटकर घायल कर दिए।पुलिस ने नन्हे निषाद, गोपी निषाद,रघुनाथ निषाद,देव नारायन, बीर निषाद,जमुना निषाद,दयाशंकर के खिलाफ बलवा,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही दूसरे पक्ष नन्हे पुत्र रघुनाथ की शिकायत पर पुलिस ने गोपी, दयाशंकर, लालचंद, वीरेंद्र,देवेंद्र के खिलाफ बलवा,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# एक पेड़ मां के नाम के संदेश के साथ पौधारोपण किया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के रामबाग,गाडर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी प्रभाकर सिंह ने कही पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने की जरूरत है।इसके लिए सभी को आगे आना होगा।उपरोक्त बातें पिपरौली ब्लॉक के रामबाग,गाडर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी प्रभाकर सिंह ने कही।उन्होंने पेड़-पौधों की उपयोगिता एवं महत्व बताते हुए सभी लोगों से पौधा लगाने की अपील की। इस दौरान पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को शपथ भी दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार माता-पिता हमें संरक्षण देते हैं उसी प्रकार पेड़ भी हमें संरक्षण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम की इस लाईन में बहुत गहराई छुपी हुई है और हमें पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए पेड़ जरूर लगाना चाहिए।भाजपा बूथ अध्यक्ष पियूष सिंह ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से सभी नागरिक पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे जरूर लगाएं।

# सिपाही से बने लेखपाल को बधाई का तांता



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाने तैनात सिपाही उदय प्रताप का राजस्व विभाग में चयन होने पर शुभचिंको ने बधाई दी है। उदय प्रताप अप्रैल 2018 से 2000 तक आर्मी में सेवा दी। फिर 30 मई 2021 से 2024 तक पुलिस विभाग में सेवा दी। वर्तमान समय में इनकी तैनाती थाना सहजनवा जिला गोरखपुर में रही। इनका मूल निवास टेकारी पोस्ट गोसाईपुर मोहबा थाना चोलापुर जिला वाराणसी है। इनका चयन राजस्व विभाग में लेखपाल पद पर सोनभद्र जिले में हुआ है। इनके चयन होने पर अजीत यादव,प्रेम यादव,गिरीश यादव, बंशी यादव , अनिल मिश्रा, अशोक चौधरी,विजई सहित अनेक लोगो ने बधाई दी है।

# मनरेगा के तहत शासन की नीतियों के खिलाफ प्रधानों का प्रदर्शन, की नारेबाजी

### छः सूत्रीय मांगों को लेकर खण्ड विकास अधिकारी को सौपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी



बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के देवमई विकास खण्ड परिसर में सोमवार को अखिल भारतीय प्रधान संघ देवमई द्वारा मनरेगा के तहत होने वाले कार्यो में आ रही कठिनाइयों के संदर्भ में प्रदर्शन किया गया और जिलाधिकारी को नामित छय सूत्रीय ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी संजय गुप्ता को सौपा।

सौपे गये ज्ञापन में मांगें की गई कि टीए सचिव के द्वारा की गई कार्यो की फोटोग्राफी न जाने के कारण भुगतान नहीं हो पाता है, जीपीएस द्वारा कार्यस्थल की फोटो पांच एंगल से मांगी जाती है और मजदूरों की हाजिरी ऐप्स के जरिए की जाती है जबकि फतेहपुर को छोड़कर अन्य जनपदों में ऐसे नियम नही है जो न्याय संगत नही है, मनरेगा के तहत पक्के कामों का भुगतान दो वित्तीय वर्षों से नही हुआ है जिस कारण इस वित्तीय वर्ष में पक्के कार्य पूरा करा पाना मुश्किल हो रहा है, विगत तीन वर्षों वृक्षारोपण हेतु वाहन का खर्च प्रधानों द्वारा किया जा रहा है जो इस वर्ष नही किया जायेगा, शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी 237 रुपये है जबकि स्थानीय मजदूरी 400 रुपये है ,जिस कारण मजदूर मिलना कठिन हो गया है, शासन द्वारा निर्धारित सामग्री मूल्य बाजार में मिल रही सामग्री से काफी कम है जिस वजह से गुणवत्तापूर्ण कार्य असम्भव हो गए हैं। देवमई प्रधान संघ के अध्यक्ष रघुवंश यादव ने कहा कि उपरोक्त मांगे पूरी न होने तक हम लोग कार्यो का बहिष्कार कर रहे है। अगर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो हम लोग अपना इस्तीफा देने पर मजबूर होंगे।इस मौके पर प्रधानों व प्रतिनिधियों में रघुवंश यादव, लक्ष्मीकांत, मनोहर, आशू मिश्रा, सुशील कुमार, अजित कुमार, प्रकाश यादव, अनिल, शिवबाबू, शोएब, जयराम पासवान ,ब्रजेंदनारायन, शिवसागर, चंद्रशेखर, रामसागर, अमिता पांडेय, अशोक सहित आधा सैकड़ा प्रधान उपस्थित रहे।

## गूढेश्वर अखंड धाम में सांसद ने टेका माथा

### घंटा चढ़ाते हुए सपरिवार किया पूजा अर्चना

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के तिरहार क्षेत्र अंतर्गत चांदपुर गांव में भूगर्भित ऐतिहासिक शिवलिंग का पावन स्थान गूढेश्वरअखंड धाम है जहां फतेहपुर लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद नरेश उत्तम पटेल ने विजय श्री हासिल करने के पश्चात कल मंदिर प्रांगण सपरिवार पहुंचे चांदपुर गांव पहुंचते ही ग्रामीणों समेत पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह गौतम अरुण तिवारी आदि भारी संख्या में लोगों ने लोकप्रिय सांसद का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया वहीं गूढेश्वर अखंड धाम पहुंचे सांसद ने वैदिक मंत्रों के बीच शिवार्चन किया अभिषेक के पश्चात सांसद नरेश उत्तम पटेल ने मंदिर में घंटा




चढ़ाया वही सपरिवार समूचे लोकसभा क्षेत्र की उत्तम स्वस्थ निरोगी काया के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ग्रामीणों से बातचीत करते हुए वर्तमान सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कहा की संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में कई ऐसे मार्ग हैं जो आज भी जर्जर पड़े हुए हैं पूर्व काल में सत्ता पर रहे जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया जिनको पूर्ण कराना हमारी प्राथमिकता होगी वही मंदिर प्रांगण से मुख्य द्वार तक की जर्जर सड़क के निर्माण के लिए पूर्ण आश्वासन दिया इस मौके पर ग्रामीण अच्छेलाल रवि तिवारी राम गणेश निषाद शिव विशाल अशोक सिंह करुणा शंकर गोरे सेंगर समेत समाजसेवी राजेंदर सिंह पटेल प्रबंधक आदि भारी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण लोग मौजूद रहे

# मेरठ में ग्राम पंचायत सहायकों का प्रदर्शन

- कलेक्ट्रेट में सैलरी बढ़ाने को लेकर डीएम से मिले, संविदा पर हुई थी तैनाती

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में ग्राम पंचायत सहायकों ने सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। 5 सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम से बातचीत की। उनका कहना है कि मध्य प्रदेश व राजस्थान के ग्राम पंचायत सहायकों को 18 हजार का मानदेय मिल रहा है।हमें भी उसके बराबर सैलरी मिले। ग्राम पंचायत सहायकों ने सपा विधायक अतुल प्रधान से भी मुलाकात की। विधायक ने उनकी बातें सुनकर कहा कि 2021 में संविदा के आधार पर ग्राम पंचायत सहायक पद पर गांव में इंटरमीडिएट की परीक्षा में टॉपर परीक्षार्थियों की तैनाती की गई।इसके बाद भी टॉपर के साथ अन्याय हो रहा है। विधायक ने वरिष्ठ अधिकारियों से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत में संविदा के आधार पर 350 ग्राम पंचायत सहायक नियुक्त है। ग्राम पंचायत सहायक ने कहा कि उन्हें हर महीने 6 हजार की सैलरी मिलती है।उसमें से करीब 2000 आने-जाने में खर्च हो जाता है। यह मानदेय भी कभी 4-5 महीने बाद मिलता है।

# जनता दर्शन मे डीएम ने शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए गए निर्देश



अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में सोमवार को जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन में दूर दराज क्षेत्र से आए हुए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना और आश्वस्त किया कि गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ नियमानुसार शिकायतो का निस्तारण किया जायेगा। जनता दर्शन के दौरान कुल 53 शिकायतकर्ताओं से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र में निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों को पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक ढंग से समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण किया जाय।

## बिना आदेश के लेखपाल ने गाड़ दिया पत्थर विवाद की आशंका

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र गठुआखोर निवासी बलराम पुत्र स्व हीरालाल मौर्य ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर लेखपाल पर आरोप लगाया है की गाटा संख्या 141में सार्वजनिक रास्ता है। पश्चिम तरफ कुछ कास्तकारो का खेत है हल्का लेखपाल ने बिना किसी आदेश और बिना कास्तकारों के मौजूदगी में खेत में जबरजस्ती पत्थर गाड़ दिया है। जिससे कासकारो में विवाद की स्थित पैदा हो चुकी है। और भी विवाद हो सकता है। पीड़ित लेखपाल पर कारवाई कराने की मांग किया है। इस संदर्भ में एसडीएम कुंवर सचिन सिंह ने कहा की मामला संज्ञान में आया है। लेखपाल से बात करेंगे।

## जनपद में गांजे के साथ वांछित हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में कल्याणपुर थाना के अंतर्गत सोमवार को एक वांछित अभियुक्त को गोविंदपुर मोड़ के समीप से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पर स्थानीय थाने में गोवंश निवारण अधिनियम पंजीकृत था।थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर सरोज ने बताया कि अभियुक्त मोहसिन उर्फ मुशीर पुत्र इजरायल उम्र 35 वर्षीय निवासी हफीजनगर थाना बकेवर जिला इटावा को तीन किलो दो सौ ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी सहित उपनिरीक्षक अखिलेश यादव, सौरभ शर्मा, व कांस्टेबल खेमराज व राजकुमार रहे।

**अनावरण** — सरिया, तमंचा, कारतूस, व चाकू समेत तीन अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में

# पुलिस ने गेस्ट हाउस सरिया चोरी कांड का किया सफल अनावरण

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी



बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी की कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत विगत 23मई की रात को बकेवर कस्बे से लगभग दो किलोमीटर दूर एक निर्माणधीन गेस्ट हाउस में हुई सरिया चोरी के घटना का कोतवाली पुलिस, सर्विलेंस टीम व इंटेलिजेंस विंग ने घटना का सफल अनावरण किया गया। उपरोक्त घटना में शामिल होने वाले अभियुक्तों में तीन को धर दबोचा और 50 कुंटल सरिया, एक अदत तमंचा 12बोर, दो जिंदा कारतूस 12बोर, एक चाकू, एक अदत एंड्रॉयड फोन भी बरामद किया।

घटना का खुलासा करते हुए फतेहपुर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि निर्माणधीन गेस्ट हाऊस में लूटपाट करते हुए बदमाशों ने वहाँ सो रहे मजदूरों को भी मारापीटा था। जिस प्रकरण में बिन्दकी कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। सोमवार को इंटेलिजेंस विंग व बिन्दकी कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर घटना में शामिल बदमाशों में तीन मो.सलीम उर्फ ठेकेदार पुत्र अब्दलु हन्नान निवासी बाबूपुरवा कानपुर नगर, अनवर उर्फ रमजानी पुत्र अब्दलु हमीम निवासी कबाड़ी बाजार पीरनपुर फतेहपुर, व पहलवान उर्फ सुनील कुमार पुत्र बुद्धराम निवासी मंगलबिहार चकेरी कानपरु नगर को जनता बाईपास से गिरफ्तार किया गया है। सभी शातिर अपराधी है जो जो रेकी कर घटना को अंजाम देते थे, घटना में कुल सात लोग शामिल थे, जो एक डीसीएम में माल लादकर बकेवर से साढ़ होकर कानपुर ले गए थे, जिनकी निशानदेही पर लूट की सरिया को कानपुर से बरामद किया गया है और घटना तीन अन्य अभियुक्त राजू उर्फ महताब, विजय, व कुलदीप को महाराजपुर पुलिस द्वारा एक सरिया चोरी प्रकरण में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, फरार खुतरा उर्फ सोहराब की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।सभी अभियुक्तों पर कानपुर व फतेहपुर जनपद में कई मामले दर्ज है।गिरफ्तार करने वाली टीम में इंटलीजेंस विंग प्रभारी निरीक्षक विद्या यादव मय टीम, सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक तारा सिंह मय टीम व बिंदकी कोतवाली निरीक्षक संजय कुमार पांडेय मय टीम रहे। इंटेलिजेंस विंग की टीम को घटना के सफल अनावरण करने के लिए 25हजार रुपये से पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# नाले में डूबकर 10 वर्षीय बालिका की मौत

- अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी, शव की तलाश में जुटी एसडीआरएफ की टीम

अमन लेखनी समाचार



बलरामपुर, बलरामपुर में 10 वर्षीय बच्ची की सुवाव नाले में डूबकर मौत हो गई है। वह घर के कुछ दूरी पर स्थित सुवाव नाले के पास कुछ बच्चो के साथ खेल रही थी, तभी हादसा हो गया। हादसे से परिवार में मातम पसरा हुआ है। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम बच्ची की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक बच्ची का पता नहीं लग पाया है।

मामला बलरामपुर सदर तहसील के थाना देहात कोतवाली के ग्राम रिसालपुर कोयलरा का है। जहां पर साम में 10 वर्षीय बच्ची की सुंआव नाले में डूबने गई है। वही मामले पर जानकारी देते हुए पिता राजकुमार ने बताया कि मेरी पुत्री गौरी कुछ बच्चो के साथ सुवाव नाले के पास खेल रही थी। इसी बीच वह नाले में गिर गई जिससे वह डूब गई है। बच्चो ने दौड़ कर परिवार और गांव वालों को सूचना दिया है। जिसके बाद से लड़की की सुवाव नाले में तलाश की जा रही है। लेकिन अभी कोई पता नहीं चल पाया है। परिवार में सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे है। पुलिस एसडीआरएफ की टीम लड़की की तलाश कर रही है।

## संक्षेप

### वांछित चल रहे दो अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मुसाफिरखाना, अमेठी। जनपद के कोतवाली मुसाफिरखाना पुलिस टीम ने विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने मारपीट की घटना में प्रयुक्त लोहे की सरिया एवं डंडे को लोहारन का पुरवा हाईवे के किनारे झाड़ियां से बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत उपनिरीकक्षक घनश्याम यादव थाना मुसाफिरखाना मय हमराही द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे अभियुक्तों शिव सागर यादव उम्र लगभग 40 वर्ष सुत सूरजदीन यादव व विपिन यादव उम्र लगभग 20 वर्ष सुत सूर्यभान यादव निवासीगण चकबहेर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक को पूरे पटई गाँव निकट हाइवे के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा।

### मोहर्रम के जुलूस के दौरान विवादास्पद नारे लगाने का वीडियो वायरल, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

अमेठी।जिले में मोहर्रम के जुलूस के दौरान कथित तौर पर विवादास्पद नारे लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।जांच में पाया गया है कि वीडियो सही है। मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस ने 07 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।वीडियो में दिखने वाले अन्य युवको की पुलिस तलाश कर रही है । जिले के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के मुसाफिरखाना इलाके में रविवार को अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा जुलूस निकाला गया था।इसी जुलूस में कथित तौर पर विवादास्पद नारे लगाए गए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने एक बयान जारी कर कहा कि वीडियो की जांच कराई जा रही है और ऐसी हरकत करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मुसाफिरखाना पुलिस ने एसआई की तहरीर पर कई अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 302,353(2) कर लिया है।पुलिस की धरपकड़ तेज हो गई है।

# शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं के निस्तारण तक जारी रहेगा -धीरेन्द्र प्रताप सिंह

अमन लेखनी समाचार



अमेठी।आन लाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षा विभाग व शिक्षक आमने -सामने आ गये हैं।शिक्षा विभाग जहां समझा बुझाकर आन लाइन उपस्थिति के लिए शिक्षकों को राजी करने की कोशिशों में जुटा है, वहीं शिक्षक आन लाइन उपस्थिति के विरोध में मुखर होते जा रहे हैं ।शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा-अमेठी के नेतृत्व में 07 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह के माध्यम से प्रेषित किया। मांग पत्र में आन लाइन डिजिटल उपस्थिति को निरस्त करने,15 सी एवं,हाफ सी एल,30अर्जित अवकाश, पुरानी पेंशन बहाल करने, न्यूनतम मूलवेतन 17140/18150 निर्धारित करने, शिक्षा मित्र एवं अनुदेशकों को नियमित करने तक समान कार्य, समान वेतन के आधार पर मानदेय देने, कैशलेश चिकित्सा सुविधा,समय से पदोन्नति व स्थानान्तरण, विद्यालयों में लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति, शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, एवं जनपद स्तरीय समस्त समस्याओं का निस्तारण कराने, समस्त विद्यालयों में प्रधानाध्यापक का पद बहाल करने से सम्बन्धित 07 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा। धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संयोजक संयुक्त मोर्चा ने कहा आन लाइन उपस्थिति का फरमान, तुगलकी फरमान है, विभागीय अधिकारी वातानुकूलित कक्ष में बैठकर बिना जमीनी हकीकत परखे अव्यवहारिक आदेश करते रहते हैं, शिक्षकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति किये बिना आन लाइन उपस्थिति स्वीकार्य नही है।किरन शुक्ला-जिलाध्यक्ष, ने कहा विषम परिस्थितियों में भी शिक्षिकायें समय से स्कूल पहुंचती हैं,मौसम की प्रतिकूलता से कभी -कभी विलम्ब हो सकता है,जिसका कोई व्यवहारिक समाधान नही है।अब्दुल रसीद - जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार दमनकारी नीति चलाकर डिजिटलाइजेशन/आन लाइन उपस्थिति (फेस रिकग्रिशन)की व्यवस्था केवल बेसिक शिक्षा विभाग में ही लागू की जा रही है। अरविन्द त्रिपाठी -जिलाध्यक्ष ने कहा सभी संगठन एक हैं,शोषण स्वीकार्य नहीं है।विवेक शुक्ला ने कहा शिक्षकों का शोषण स्वीकार्य नही किया जायेगा।

मंजीत यादव ने कहा इस व्यवस्था से शिक्षक समाज स्वयं को अपमानित एवं ठगा महसूस कर रहा है। महेंद्र प्रताप मिश्र ने कहा आन लाइन उपस्थिति का पुरजोर विरोध किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से दादा चन्द्र हास सिंह -संरक्षक, संयोजक मण्डल के जिलाध्यक्षों में अब्दुल रसीद, अरविन्द त्रिपाठी,विवेक शुक्ला,किरन शुक्ला,महेन्द्र प्रताप मिश्र, मंजीत यादव, सचिन श्रीवास्तव,पवन कुमार,राम जी यादव,कृपा शंकर, अंशुमान तिवारी,विजय सिंह,संजय कनौजिया महामंत्रियों में श्रीराम सोनी, रमाकांत मौर्य,मोलहूराम यादव, धीरेन्द्र सिंह बघेल,सुमन यादव, आशुतोष पाण्डेय,अजय मौर्य,पंकज कुमार पाण्डेय,राम सुमिरन चक्रवर्ती, कुलदीप साहू, अनिल कुमार यादव,राजेश चौधरी,राय साहब मिश्रा,राजमणि शर्मा ,ओमेंद्र सिंह, अर्चना सिंह, सत्येन्द्र शुक्ला,जयराम कनौजिया, दिनेश तिवारी, अनिल यादव, प्रवीण कुमार,सर्वेश प्रताप सिंह,राम कुमार सिंह,देवांशु सिंह,रमेश प्रजापति, विश्वबंधु उपाध्याय, सुनील सिंह,अतुल श्रीवास्तव, बृजेश सिंह,राम प्रताप रावत, असगर हुसेन, आदित्य नारायण शुक्ला, गुरु चरन,उमेश त्रिपाठी,किरन सिंह, सुष्मिता सिंह, डॉ अर्चना शुक्ला,मीरा गुप्ता,शशि कुमारी सिंह, अमृता जायसवाल, सरिता सिंह, शालिनी सिंह, सुचित्रा सती, आबिदा बानो,शशि कला, स्तुति जायसवाल,शिखा मिश्रा मालविका,अजय मिश्रा,विजय सिंह,अम्बिका शरण खरे,प्रतिमा यादव सहित सैकड़ों पदाधिकारी व हजारों शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## डॉ. संदीप ने उपहार देकर सविता को दी सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनायें

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झाँसी। डॉ० संदीप सरावगी अपनी सामाजिक संस्था संघर्ष सेवा समिति के माध्यम से समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं।समिति का उद्देश्य है कि किसी भी बहन बेटी के विवाह में धन अभाव के कारण कोई समस्या न आए इसके लिए संघर्ष सेवा समिति अपनी क्षमता अनुसार विवाह में सहयोग भी करती है। समिति के माध्यम से डॉक्टर संदीप अब तक सैकड़ो बहन बेटियों के विवाह में सहयोग कर चुके हैं। संघर्ष सेवा समिति की सक्रिय सदस्या कमलेश राय के माध्यम से उन्नाव गेट पुलिस चौकी के समीप निवासी राजकुमार व उनकी पत्नी हेमलता संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी समस्या विस्तार से बताई राजकुमार व हेमलता की पुत्री की शादी संपन्न होनी है। उनका परिवार घर पर बीड़ी बनाकर अपना गुजर-बसर करता है जिस कारण उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। डॉ० संदीप द्वारा कार्यालय पर राजकुमार और हेमलता की पुत्री सविता कोष्टा को उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर सविता ने कहा संदीप भईया समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उनके कार्यों के बारे में समाचारों के माध्यम से जानकारी प्राप्त होती रहती हैं बहुत कम ऐसे समाजसेवी हैं जो वृहत स्तर पर दूसरों की सहायता करते हैं। आज संघर्ष सेवा समिति कार्यालय आकर मुझे जो पारिवारिक माहौल मिला है उसके लिए मैं संघर्ष सेवा समिति के समस्त सदस्यों की सराहना करती हूँ। इस अवसर पर , कमल मेहता, अरुण पांचाल, महेंद्र रायकवार, सुशांत गेड़ा, ओमकार सचान, आशीष विश्वकर्मा, दीक्षा साहू, अनुज प्रताप, संदीप नामदेव आदि उपस्थित रहे।

## सैनिक स्कूल अमेठी में मनाया गया 5वां वार्षिक उत्सव



अमन लेखनी समाचार

अमेठी।सैनिक स्कूल अमेठी द्वारा आज 5वां वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सैनिक स्कूल अमेठी में अध्यनरत सैन्य छात्रों को देश की सशस्त्र सेनाओं और अन्य विशिष्ट सेवाओं में शामिल होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में सैनिक स्कूल के कैडेटों द्वारा किए गए शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल गीता महाडीक, प्रधानाचार्य सैनिक स्कूल लेफ्टिनेंट कमांडर सिद्धार्थ शेखर नेहरा, प्रशासनिक अधिकारी तथा समस्त शैक्षिक एवं प्रशासनिक स्टाफ उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने मनरेगा कार्यों व गौशालाओं में मूलभूत सुविधाओं को लेकर की बैठक

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में मनरेगा कार्यों व गौशालाओं में मूलभूत सुविधाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।बैठक में जिलाधिकारी ने मनरेगा अंतर्गत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों, उनके भुगतान की स्थिति तथा वृक्षारोपण इत्यादि कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक जिलाधिकारी ने सभी तकनीकी सहायकों व रोजगार सेवकों को हिदायत देते हुए कहा की विकास कार्यों का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा होना चाहिए। आवासों की फीडिंग समय से करा दिया जाएं। पौधरोपण कराने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांवों में चल रहे कार्यों के प्रगति की नियमित समीक्षा व देखरेख किया जाय। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला में गोवंशों हेतु समस्त मूलभूत व्यवस्थाओं की निगरानी नियमित की जाए जिससे कि उनके स्वास्थ्य में सुधार के साथ ही किसानों से प्राप्त होने वाली शिकायतें न आएं।उन्होंने कहा कि समस्त गौशालाओं में हरे चारे की बुवाई हेतु जो भूमि चिन्हित की गई है उसमें समस्त स्थान पर हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए एवं उनकी देखरेख पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने समस्त सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि बाहर रोड पर अथवा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गोवंश घूमते मिले तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।इसके लिए वह स्वयं उत्तरदाई होंगे। उन्होंने गोवंशों के इलाज को लेकर समस्त पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित रूप से गौशालाओं में जाकर पशुओं का निरीक्षण करते रहें साथ ही बीमार पशुओं की विशेष देखरेख करें एवं उन्हें अन्य पशुओं से अलग रखें। गौशालाओं में किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या आ रही हो तो वह तुरंत अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करें जिससे की समस्या से बचा जा सके एवं उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## कस्तूरवा आवासीय विद्यालय में लगाई मिशन शक्ति की चौपाल



अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झांसी। कस्बा गुरसरांय के कस्तूरवा गांधी आवासीय वालिका विद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमे सोशल मीडिया के माध्यम से हो रही ठगी,ब्लैकमेलिंग से बचने के उपाय बच्चियों को बताए गए।कार्यशाला में उपस्थित बालिकाओं को जागरूक करते हुए सब इंस्पेक्टर स्वाति चौधरी ने महिला सशक्तिकरण और मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी कहा कि पुलिस आपकी मित्र सहयोगी है कोई आपको परेशान कर रहा हैं तो पहले अपने परिजन से बात करे या आप हेल्प लाइन नम्बर की भी मदद ले सकते हैं आपकी पहचान गुप्त रहेगी।उप निरीक्षक शिवानी तंवर ने मिशन शक्ति के उद्देश्य बताते हुए कहा कि बंधुवा मजदूर, देह व्यापार और बाल श्रम पर रोक लगाना है।उन्होंने कुछ हेल्पलाइन नंबर जैसे- चाइल्ड लाइन नंबर - 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर- 1090 ,पुलिस आपातकालीन नंबर-112 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी वही बालिकाओं के मन मे उठे सवालों के पुलिस टीम ने एक एक करके जवाव भी दिए।इस अवसर पर सन्दीप श्रीवास्तव, कस्तूरवा आवासीय वालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी यादव,रंजन मिश्रा,सुमन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत छात्राओं द्वारा निकाली गई पौधों की बारात



**- जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी।पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान 2024 के अंतर्गत आज रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज में छात्राओं द्वारा निकाली गई पौधों की बारात को जिलाधिकारी निशा अनंत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पौधों की बारात निकालकर छात्राओं द्वारा जन सामान्य को इस वर्षा काल में अधिक से अधिक लगाने तथा उनका संरक्षण करने एवं पर्यावरण को बचाने की अपील की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्राओं को पौधों का वितरण किया तथा उनसे अपील की कि इस वर्षा काल में एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं तथा अपने अभिभावकों व अपने आसपास के लोगों को भी एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए जागरूक करें, पेड़ लगाने के साथ ही उसकी देखभाल भी करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, शिक्षाविद् जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन में कक्षा संचालन का कार्य प्रारंभ





**जिलाधिकारी ने शिक्षकगणों एवं छात्र-छात्राओं को दी बधाई एवं शुभकामनाएं**

**शिक्षकों से बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। ताला स्थित केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन में आज से कक्षा संचालन का कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत केंद्रीय विद्यालय पहुंचकर प्रधानाचार्य, शिक्षकगणों एवं छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनका उत्साहवर्धन किया एवं उपस्थित शिक्षकों को बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बताते चलें कि इससे पहले केंद्रीय विद्यालय का संचालन पिंडोरिया स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के परिसर में किया जा रहा था तब से लेकर अब तक विद्यालय का संचालन वही हो रहा था आज प्रथम दिवस केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन में कक्षा संचालन का कार्य प्रारंभ किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के नए भवन में पहुंचकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय में दीप प्रज्वलित किया एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए हैं इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण भी किया तदोपरांत राष्ट्रगान का गायन किया गया।इसके बाद जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, विद्यालय में आज ही बच्चों द्वारा करीब 200 पौधे लगाए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य केडी मिश्र ने बताया कि विद्यालय में 406 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।

## संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान की द्वितीय समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित



हमीरपुर।सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण ध्दस्तक अभियान की द्वितीय समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी राहुल पांडे की अध्यक्षता में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपादित की गई ।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भी विभागवार रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने विभागीय उपलब्धि एवं मॉनिटरिंग फीडबैक में अंतर होने पर नाराजगी व्यक्त की व शेष समय में उपलब्धि हासिल करने हेतु प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया एवं समन्वय भाव से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा झाड़ियों की सफाई, बरसात के दृष्टिगत जल निकासी की समुचित व्यवस्था ,तथा शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग,एन्टीलार्वा का छिड़काव नियमित रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाय। नालियों की सफाई अनिवार्य रूप से की जाय। आशा तथा ऑगनवाड़ी अपने दायित्वों का समुचित रूप से निर्वहन करे तथा लोगो को साफ-सफाई तथा संक्रमण जनित बीमारियों के प्रति जागरूक करें। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया जो सुअर पालन है उनको भी संक्रमण जनित बीमारियों के प्रति संवेदीकरण किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने अभियान में कार्य कर रहे सभी मॉनीटर को प्रत्येक ब्लॉक के चिकित्सा अधिकारी को अपनी फीडबैक को सांय कालीन बैठक में प्रस्तुत करने को कहा व निर्धारित समय के अन्तर्गत लक्ष्य प्राप्त करने को कहा। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण व समस्त अपरध उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी, मलेरिया व फाइलेरिया स्टाफ उपस्थित रहे।

## नदी में जल स्तर बढ़ने की संभावनाओ को लेकर एडीएम ने गोमती तट का निरीक्षण किया

अमन लेखनी समाचार



अमेठी।वर्तमान मानसून के समय जनपद में गोमती नदी में जल स्तर बढ़ने की संभावनाओ के दृष्टिगत गोमती नदी के किनारे स्थित ग्रामों का आज अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अर्पित गुप्ता के निर्देशन में उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, नायब तहसीलदार एवम तहसील स्टाफ तथा बाजार शुकुल के थाना प्रभारी के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया तथा गोमती नदी के जल स्तर बढ़ने पर की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही के बारे मे अपर जिलाधिकारी ने तहसील की तैयारियों का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी ने नदी के निचले भाग मे निवास करने वाले परिवारों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए तथा तहसील प्रशासन को आवश्यकता पड़ने पर इन परिवारों को सुरक्षित स्थानों जो कि शरणालय स्थल के रूप में चिन्हित है पर पहुँचाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त आम लोगों को आवश्यकता पड़ने पर उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना का फोन नंबर 9454416132 एवम तहसीलदार का नंबर 9454416179 पर सम्पर्क की सलाह दी है। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार आज गोमती का जल स्तर 80.71 मीटर है जो कि खतरे के स्तर से लगभग 05 मीटर नीचे है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी द्वारा जल स्तर बढ़ने पर नदी में तैरने , नौकायन एवम मछली पकड़ने के लिए गहरे पानी मे नहीं जाने की सलाह जनसामान्य को दी है।

## टैंकर और कार की टक्कर उपनिरीक्षक की मौत ,सिपाही घायल

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिले के जायस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरगहिया गांधीनगर के पास सोमवार को एलपीजी गैस भरे टैंकर और कार की टक्कर में एक उपनिरीक्षक की मौत हो गई जबकि एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया । टैंकर सड़क पर पलट गया और गंभीर खतरे को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने एक किलोमीटर के इलाके को खाली करा लिया है।टैंकर से एलपीजी गैस का रिसाव हो रहा है और विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है।अमेठी के अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने बताया कि मध्य प्रदेश के बीना से भारत गैस का एक टैंकर लखनऊ की ओर जा रहा था । वह जायस थाना क्षेत्र के मुरगहिया के पास कार से टकरा गया जिससे कार में सवार विद्युत थाना गौरीगंज में तैनात उप निरीक्षक बृज भूषण (58) की मौके पर मौत हो गयी जबकि एक हेड कांस्टेबल इसमें गंभीर रूप से घायल है। उसे इलाज के लिए लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।एएसपी ने बताया कि टक्कर के बाद भारत गैस का एलपीजी टैंकर सड़क पर पलट गया।उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है और सुरक्षा के लिहाज से एक किलोमीटर के इलाके को खाली करा लिया गया है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही अन्य कानूनी कार्रवाई की जा रही है ।

## एसपी ने मोहर्रम जुलूस मार्गो व विभिन्न कर्बला स्थलों का निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

अमेठी ।शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा थानाक्षेत्र जायस में मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले जुलूस मार्गो व विभिन्न कर्बला स्थलों का निरीक्षण किया गया। आज पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह द्वारा पुलिस बल के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र जायस में मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले जुलूस मार्गो व शेखी का तालाब, खुदउआ का तालाब कर्बला स्थलों का निरीक्षण किया गया एवं त्यौहार को मिलजुल कर शान्ति व सौहार्दपूर्वक मनाने, अफवाहों पर ध्यान ना देने की अपील की गई ।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# जापान में तहलका मचाएगी 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर'

**मुंबई।** फिल्म 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' अपनी रिलीज के बाद से पॉपुलर हो गई है। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने न सिर्फ ऑडियंस का दिल जीता है बल्कि यह बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन के मामले में भी अपना दम दिखा रही है। फिल्म ने 700 करोड़ की वर्ल्ड वाइड कमाई करके रिकॉर्ड सेट किया है, जिसके बाद अब फिल्म जापान में अपनी रिलीज के साथ जादू चलाने के लिए तैयार है। 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर प्रभास के साथ फिल्म का एक दिलचस्प पोस्टर शेयर किया है। प्रभास को एक के बाद एक बड़ी सफलता मिल रही है।

लाइफ Style

# पूजा
## पूरी की फिल्म 'देवा' की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई


बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े, जिनका 2024 का कैलेंडर काफी रोमांचक और व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। रॉय कपूर फिल्म्स और ज़ी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ शाहिद कपूर भी हैं।

शूटिंग पूरी होने के बाद पूजा ने निर्देशक रोशन एंड्रयूज और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर तथा क्रू के साथ मिलकर केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। इससे पहले, पूजा ने फिल्म 'सूर्या 44' के लिए सुंदर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक शूटिंग शेड्यूल भी पूरा किया था, जिसमें वह प्रसिद्ध अभिनेता सूर्या के साथ अभिनय कर रही हैं। 'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।

'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला




# 'डेस्पिकेबल मी' ने कमाए 500 करोड़ डॉलर

**लॉस एंजिलिस।** इल्यूमिनेशन, यूनिवर्सल की 'डेस्पिकेबल मी 4' वैश्विक स्तर पर धमाल मचा रही है। फिल्म कमाई के मामले में भी अपना जलवा कायम किए हुए है। डेस्पिकेबल मी/मिनियंस फ्रेंचाइजी दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर पांच बिलियन डॉलर यानी 500 करोड़ डॉलर की कमाई कर चुकी है। यह मील का पत्थर हासिल करने वाली यह पहली एनिमेटेड फ्रेंचाइजी है। यह पहले से ही दुनियाभर में अब तक की सबसे बड़ी एनिमेटेड फ्रेंचाइजी थी। इस सप्ताहांत डेस्पिकेबल मी 4 लगातार दूसरे फ्रेम में वैश्विक स्तर पर नंबर वन फिल्म बनने की उम्मीद है, जिससे रविवार तक दुनिया भर में अनुमानित 136 मिलियन डॉलर की कमाई होगी।



# 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल स्टूडियोज ने बहुप्रतीक्षित 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी कर दिया है। इसका आधिकारिक शीर्षक 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' है। टीजर 'कैप्टन अमेरिका' गाथा के नए अध्याय की एक रोमांचक झलक पेश करता है, जिसमें एंथनी मैकी द्वारा अभिनीत सैम विल्सन को प्रतिष्ठित ढाल पहने हुए और कैप्टन अमेरिका की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। टीजर एक दिलचस्प कहानी की ओर इशारा करता है, जहां नए कैप्टन अमेरिका सैम विल्सन, 'थडियस थंडरबोल्ट' रॉस के साथ मिलकर काम करते हैं, जिसका किरदार हैरिसन फोर्ड ने निभाया है। यह साझेदारी विशेष रूप से दिलचस्प है।



# तृप्ति धनुष के साथ करेंगी रोमांस...

**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के पास फिल्मों की लाइन लगी हैं। तृप्ति हर निर्माता-निर्देशक की पहली पसंद बनी हुई हैं। अब खबर है उन्हें धनुष संग काम करने का मौका मिल गया है। आनंद राय की अगली फिल्म में दोनों साथ दिखने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आनंद ने अपनी अगली फिल्म 'तेरे इश्क में' के लिए तृप्ति को कास्ट कर लिया है। धनुष फिल्म में एक एंग्री यंगमैन की भूमिका में होंगे। ऐसे में उनके साथ लीड हीरोइन के लिए आनंद की पहली पसंद तृप्ति हैं। निर्देशक ने उनकी पिछली फिल्में देखी हैं, वहीं तृप्ति की लोकप्रियता भी चरम पर है। ऐसे में वह अपनी फिल्म में उन्हें धनुष की जोड़ीदार बनाकर उनकी सफलता को भुनाने के पूरे मूड में हैं। अक्टूबर, 2024 से धनुष अपनी चौथी हिंदी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म की शूटिंग मुख्य रूप से वाराणसी में होगी।




# 'हाउसफुल-5' से जुड़े संजय दत्त

**मुंबई।** संजय दत्त का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनकी दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। बता दें कि 'हाउसफुल' फ्रैंचाइजी के 5वें भाग 'हाउसफुल 5' से जुड़ गए हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने संजू के साथ अपनी एक तस्वीर साझा कर लिखा, 'हम यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि संजय 'हाउसफुल' के परिवार में शामिल हो गए हैं। पागलपन से भरी एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाएं।' कोई शक नहीं कि संजय अपनी शानदार कॉमेडी से फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाएंगे। संजय का नाम फिल्म से जुड़ते ही 'हाउसफुल 5' को लेकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया है। सोशल मीडिया पर इसकी झलक साफ दिख रही है। 'हाउसफुल' और 'हाउसफुल 2' का निर्देशन साजिद खान ने किया था।

टीवी मसाला

# आशिफ ने निभाए 300 कैरेक्टर गिनीज बुक में दर्ज है नाम...

**मुंबई।** ऐसा कहा जाता है कि इंसान की लाइफ में एक बार ऐसा मौका आता है जरूर आता है जब उन्हें वो सबकुछ मिलता है जिसकी उन्हें चाहत होती है। कुछ ऐसा ही आशिफ शेख के साथ हुआ उन्होंने सोचा था फिल्मों में काम करके फेमस हो जाएं, उन्हें प्रसिद्धि मिली लेकिन फिल्मों नहीं टीवी सीरियल से जिसका नाम है 'भाबी जी घर पर हैं। आशिफ शेख ने इस सीरियल में लगभग 300 किरदार निभाए हैं और इसके लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड बुक में दर्ज है। हिंदी टेलीविजन के आशिफ शेख इकलौते ऐसे एक्टर हैं जिन्होंने एक सीरियल में अलग-अलग इतने सारे किरदार निभाए। 2 मार्च 2015 को 'भाभी जी घर पर हैं' का पहला एपिसोड आया था। शो में दिखाया गया है कि दो पड़ोसी एक-दूसरे की वाइफ को पसंद करते हैं और हेल्दी फ्लर्ट भी करते हैं। इस शो में दोनों भाबियों का किरदार अलग-अलग एक्ट्रेसेस ने निभाया लेकिन आशिफ शेख और रोहिताश्व गौर लगभग 9 सालों से टिके हुए हैं। आशिफ शेख इस शो के मेन कलाकार हैं जिन्हें दर्शक देखना पसंद करते हैं। साल 2015 से लेकर 2021 तक आशिफ शेख ने स्क्रिप्ट की डिमांड के अनुसार, इस सीरियल में 300 से ज्यादा किरदार बदले हैं। इसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया।




# शिमला की पृष्ठभूमि पर बनी है 'अमर कालोनी'

**मुंबई।** हिमाचल प्रदेश के शिमला के रहने वाले फिल्म निर्देशक सिद्धार्थ चौहान की 'अमर कॉलोनी' शिमला की पृष्ठभूमि की थीम पर बनी फिल्म है। 'अमर कालोनी' के निर्देशक सिद्धार्थ चौहान बताते हैं कि छह साल पहले, मैं एक ऐसी जगह की तलाश में था, जहां मैं अपनी लघु फिल्म के लिए एक सेट बना सकूं। तभी मुझे शिमला में ब्रिटिश काल की एक शानदार विरासत वाली इमारत का एक निर्जन ताला लगा हुआ हिस्सा मिला। यह कभी 1905-06 में दिल्ली और लंदन बैंक का हिस्सा हुआ करता था। सीढ़ियां, ऊंचे गलियारे, बड़ी खिड़कियां, पुरानी लकड़ी के प्रयोग सहित निर्माण की हर शैली ने मुझे आकर्षित किया। चाहे फिल्म में दुर्गा का किरदार निभाने वाली ऊषा हों या उनके पति की भूमिका निभाने वाले दीपक। ईशान आजाद को समझाना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उनकी भूमिका भी काफी चुनौतीपूर्ण थी। सिद्धार्थ ने कहा कि फिल्म के कुल कलाकारों में से 75 फीसदी किरदारों का संबंध शिमला से ही था।



# मुंबई में सेलिब्रेट किया भाई का बर्थडे

*मुंबई। प्रियंका चोपड़ा बीते दिन अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी अटेंड करने के लिए पति निक जोनस के साथ भारत आई थीं। बीते दिन प्रियंका चोपड़ा ने अपने पति के साथ मिलकर भाई सिद्धार्थ चोपड़ा का बर्थडे सेलिब्रेट किया है। एक्ट्रेस के भाई ने एक प्राइवेट बर्थडे पार्टी ऑर्गेनाइज की थी। इस पार्टी में उनके भाई-बहन और दोस्त खूब धूम मचाते दिखे। प्रियंका के साथ निक जोनस और मनारा चोपड़ा भी नजर आए हैं। बता दें कि सिद्धार्थ चोपड़ा 35 साल के हो गए हैं। उनकी बहन व जीजा सिद्धार्थ के बर्थडे में शामिल हुए थे। वायरल हो रही फोटोज में सिद्धार्थ की मंगेतर नीलम उपाध्याय भी नजर आ रहीं हैं। इस दौरान सिद्धार्थ ब्लैक कलर के कपड़ों में नजर आए, वहीं मन्नारा और नीलम दोनों ने ब्लैक ड्रेस कैरी की थी। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में गेट टुगेदर में सभी नजर आ रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा एक फोटो में ब्लू कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। जिसे उनके फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा के द्वारा डिजाइन किया गया है।*



# मटका से तेलुगु सिनेमा में करेंगी कमबैक

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही आठ साल बाद फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में कमबैक कर रही हैं। करुणा कुमार द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म 'मटका' में नोरा फतेही वरुण तेज के साथ मुख्य भूमिका में हैं। टेम्पर, बाहुबली दि बिगिनिंग, किक 2 और ऊपीरी जैसी हिट फिल्मों में अपने शानदार डांस परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली नोरा अब एक अभिनेत्री के रूप में एक नई चुनौती ले रही हैं। निर्देशक करूणा कुमार ने कहा कि मैं नोरा को तेलुगु दर्शकों के सामने एक अभिनेत्री के रूप में पेश करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, वह दूसरी महिला प्रधान भूमिका निभा रही हैं और विजाग की लड़की के रूप में दिखाई देंगी। खुद को किरदार में बेहतर ढंग से ढालने के लिए, उन्होंने तेलुगु सीखने के लिए कक्षाएं लीं और खुद ही संवादों को डब करने का फैसला किया। मैं उनके समर्पण से दंग हूं, उनकी तेलुगु बहुत अच्छी है। जब हमने एक विशेष डिस्को गीत और एक महत्वपूर्ण दृश्य की शूटिंग पूरी कर ली, तो वह मेरे पास आई और बोलीं यह मेरे करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।



## 'सरफिरा' में अक्षय के साथ-साथ परेश की भी हो रही है खूब तारीफ

# अक्षय व सोनाक्षी की फिल्मों ने सिनेमाघरों में दी दस्तक

*मुंबई। अगर आप भी हर हफ्ते किसी नई फिल्म या वेब सीरीज का इंतजार करते हैं तो जुलाई का यह हफ्ता भी आपके लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते जहां सिनेमाघरों में फिल्मों की धूम होगी, वहीं ओटीटी पर भी नए कंटेंट की भरमार होगी। आप अपना पसंदीदा मसाला चुन सकते हैं। आपके लिए सस्पेंस से लेकर कॉमेडी तक का तड़का लगा है। आइए जानते हैं इस हफ्ते कौन-कौन सी फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं।*

### अक्षय कुमार की 'सरफिरा'

अक्षय कुमार की फिल्म 'सरफिरा' काफी समय से सुखियों में है। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार राधिका मदान नजर आ रही हैं। निर्देशक सुधा कोंगरा इससे पहले गोपीनाथ पर साल 2020 में तमिल फिल्म 'सोरारई पोट्रू' बना चुकी हैं, जिसमे सुपरस्टार सूर्या थे। इस फिल्म के हिंदी रीमेक के निर्देशन की जिम्मेदारी भी सुधा पर थी। फिल्म में अक्षय के साथ-साथ परेश रावल की भी खूब तारीफ हो रही है। फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आई है।



### कमल हासन की 'हिन्दुस्तानी 2'

सुपरस्टार कमल हासन 'कल्कि 2898 एडी' के बाद बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह साल 1996 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'हिंदुस्तानी' का सीक्वल को लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में कमल के साथ अभिनेता सिद्धार्थ और अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के अलावा कई कलाकार अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं। शंकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलायलम और हिंदी में रिलीज हुई है।




### सोनाक्षी-साकिब की 'काकूदा'

सोनाक्षी सिन्हा, साकिब सलीम और रितेश देशमुख की फिल्म 'काकूदा' ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। यह एक हॉरर कॉमेडी है। इसकी कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा के रतौड़ी गांव की है। वैसे तो यह एक आम गांव हैं, लेकिन इस पर कई साल से एक श्राप लगा हुआ है। हर घर में 2 दरवाजे हैं, जो एक जैसे दिखते हैं और इसी में तगड़ा रहस्य छुपा है। जी 5 पर 12 जुलाई को यह फिल्म रिलीज हुई है।




### कॉमेडी का तड़का 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'



अगर आप कॉमेडी के शौकीन हैं तो इस हफ्ते एक मजेदार फिल्म देख सकते हैं, जिसका नाम है 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'। इसे देख आप हंसते-हंसते लोटपोट हो जाएंगे। फिल्म का ट्रेलर भी काफी मजेदार था। इस फिल्म में मनजोत सिंह, वरुण शर्मा, सनी सिंह और जस्सी गिल नजर आ रहे हैं, जिनकी केमिस्ट्री और डायलॉग दर्शकों को गुदगुदाने के लिए काफी हैं। 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' नेटफ्लिक्स पर 10 जुलाई को रिलीज हो चुकी है।

### इन वेब सीरीज का उठाएं लुत्फ

इस हफ्ते आप गुरमीत चौधरी की सीरीज 'कमांडर करण सक्सेना' देख सकते हैं। यह 8 जुलाई को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। उधर 12 जुलाई को रितेश देशमुख की वेब सीरीज 'पिल' जियो सिनेमा तो इमरान हाशमी की 'शोटाइम 2' डिज्नी+हॉटस्टार पर आई है।